मस्जिद नवाब मुकीम खान,बंगाली पंजा, नागपुर




सहरी 05 : 14
इफ़्तार 06 : 24

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP


RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, मंगलवार, 4 मार्च 2025 | अंक 141/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



EXCLUSIVE WEDDING COLLECTION
•LACHA •BANARASI •LEHENGA •DESIGNER • FANCY WORK
वैशाली
लाछा अँण्ड सारिज़
लाछा और साडीयों की महारानी
सराफा बाजार, इतवारी नागपुर. 9529081789, 9325112561 | समय: 10.00 से 7.30 रविवार बंद


# विधान परिषद की 5 खाली सीटों पर चुनाव की हुई घोषणा

**नई दिल्ली.**



पिछले साल लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बड़े राजनीतिक उलटफेर के बाद राज्य में एक बार फिर चुनावी मौसम शुरू हो गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने विधान परिषद की 5 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र की 5 सीटों के लिए मतदान 27 मार्च को होगा।

**इन विधायकों की खाली हुई सीटें:** विधान परिषद से पांच विधायक विधानसभा चुनाव जीत गए हैं। इसलिए उनकी सीटें खाली हो गई हैं। आयोग ने इन सीटों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी है। इन विधायकों में आमश्या पडवी, प्रवीण दटके, राजेश विटेकर, रमेश कराड और गोपीचंद पडलकर का नाम शामिल है।

**27 मार्च को वोटिंग और काउंटिंग:** आयोग 10 मार्च को विधान परिषद चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करेगा। इसके बाद 17 मार्च तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। अगले दिन आवेदनों की जांच की जाएगी। इसके बाद 20 मार्च तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे। वोटिंग और काउंटिंग 27 मार्च को होगी। वोटिंग का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक है। वोटों की गिनती शाम 5 बजे शुरू होगी।

**विधानसभा का चुनाव जीते विधायक:** इस बीच, आमश्या पडवी का कार्यकाल 7 जुलाई 2028 को समाप्त हो रहा था। वह एकनाथ शिंदे की शिवसेना से विधायक हैं। शिवसेना में विभाजन से पहले उन्होंने विधान परिषद चुनाव जीता था। प्रवीण दटके का कार्यकाल 15 मई 2026 तक था। यह सीट रिक्त हो गई है क्योंकि वे भी विधान सभा के लिए निर्वाचित हो गए हैं। एनसीपी विधायक राजेश विटेकर का कार्यकाल 27 जुलाई 2030 तक था। उनके विधानसभा चुनाव जीतने के बाद यह सीट रिक्त हो गई।

### रमेश कराड ने लातूर ग्रामीण से जीता चुनाव

रमेश कराड ने भाजपा के टिकट पर लातूर ग्रामीण से जीत हासिल की है। इससे पहले वह विधान परिषद के सदस्य थे। उनका कार्यकाल अगले साल मई में समाप्त होना था। विधान परिषद में एक अन्य भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर का कार्यकाल भी अगले साल समाप्त हो रहा है। यह सीट रिक्त हो गई है क्योंकि उन्होंने विधानसभा चुनाव भी जीत लिया है।

## डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने पेश किया 3 लाख 17 हजार करोड़ का बजट



**पटना.** बिहार विधानसभा में डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी बजट पेश कर रहे हैं। बिहार सरकार ने इस बार 3 लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया है। साल 2024 के बजट के मुकाबले इस बार का बजट 38169 करोड़ रुपये ज्यादा है। आइए जानते हैं बिहार के इस बजट में किए गए प्रमुख ऐलानों के बारे में। बिहार बजट में किस विभाग को कितनी रकम? स्वास्थ्य विभाग - 20335 करोड़ रुपये, शहरी और ग्रामीण सड़क- 17908 करोड़ रुपये, गृह- 17831 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास- 16093 करोड़ रुपये ऊर्जा- 13483 करोड़ रुपये, बजट के प्रमुख ऐलान, हर पंचायत में कन्या विवाह मंडप-महिला हाट की स्थापना। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की स्थापना। बिहार कैंसर केयर सोसाइटी की स्थापना, सबसे अधिक कैंसर मरीज बेगूसराय में इसलिए वहाँ एक कैंसर अस्पताल खोला जायेगा। पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्रों की छात्रवृति दोगुनी की जाएगी। धार्मिक पर्यटन योजना की शुरुआत, महिलाओं को पर्यटक गाइड के तौर पर प्रशिक्षण। पूर्णिया हवाई अड्डा से अगले 3 महीने में हवाई जहाज उड़ेगा। किसी शहर से 2027 तक पटना पहुंचने का समय अब 4 घंटे होगा। सीएम नीतीश ने सम्राट चौधरी को दी बधाई.

## झारखंड में वित्त मंत्री ने पेश किया 1,45,400 करोड़ का बजट

**रांची.** झारखण्ड सरकार ने सोमवार को विधानसभा में वितीय वर्ष 2025- 26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया. सदन में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ये बजट पेश किया. इस बजट को आबुआ बजट का नाम दिया गया, जो झारखंड की जनता के समग्र विकास के लिए समर्पित है. पिछले साल (2024- 25) के बजट से इस बार के बजट (2025- 26) में 13% की वृद्धि हुई है. यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देता है. वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बजट में सर्वाधिक राशि महिला ,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए आवंटित की गई है जिसकी राशि 22 हजार 23 करोड़ रुपए है. वहीं जबकि शिक्षा विभाग के लिए प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 15198 करोड़ जबकि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2409 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

सोशल सेक्टर को सबसे अधिक 62,840.45 करोड़ रुपए: वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बजट में सोशल सेक्टर को सबसे अधिक 62,840.45 करोड़ रुपए दिए गए हैं. जबकि इकोनॉमिक सेक्टर के लिए 44,675.19 करोड़ रुपए और कॉमन सेक्टर के लिए 37,884.36 करोड़ रुपए वित्त मंत्री ने आवंटित किए हैं.

## अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी साया

### एटीएस की गिरफ्त में आए संदिग्ध आतंकी का बड़ा खुलासा



**अयोध्या.**

राम मंदिर को उड़ाने की साजिश चल रही थी। यह खुलासा गुजरात व हरियाणा एटीएस की टीम के गिरफ्त में एक संदिग्ध आतंकी ने खुलासा किया है। जिसके बाद यूपी समेत गुजरात व हरियाणा में भी हड़कंप की स्थिति मच गई है। संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। उसने एटीएस को पूछताछ में बताया कि उसके टारगेट पर आयोध्या का राम मंदिर था।

हैंड ग्रेनेड किए गए बरामद: मिली जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध को गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ ने फरीदाबाद से एक जॉइंट ऑपरेशन में पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम अब्दुल रहमान है। वह यूपी के फैजाबाद जिला (अब अयोध्या) का रहने वाला है। खुलासे के बाद पुलिस चौकन्नी हो गई है। फरीदाबाद से पकड़े गए आतंकी की निशानदेही पर सुरक्षा एजेंसियों ने दो ग्रेनेड बरामद किए हैं, जो खंडहर में छिपाए गए थे। आईबी के साथ मिलकर सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को फरीदाबाद से आतंकी अब्दुल रहमान गिरफ्तार था। गुजरात एटीएस ने आतंकी की तस्वीर भी जारी की है।

## छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला: निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू अंतरिम बेल

**नई दिल्ली.**



छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया और व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा, इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है और उस स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। बता दें कि इन सभी हाई प्रोफाइल आरोपियों को एंटी करप्शन ब्रांच की ओर से दाखिल मुकदमे में अंतरिम जमानत मिली है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि जांच में समय लगेगा और इस दौरान किसी भी प्रकार की जल्दबाजी से बचते हुए आरोपियों को अंतरिम जमानत दी जा रही है। यह जमानत इस शर्त पर दी गई है कि जमानत मिलने के बाद भी आरोपी उचित आचरण बनाए रखें और अदालत के आदेशों का पालन करें। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि मामले में सरकार याचिकाकर्ताओं के आचरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मामले की जांच में पारदर्शिता बनी रहे। इस फैसले को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने आदेश में कहा, "हम किसी भी प्रकार की जल्दबाजी में नहीं हैं और न ही जांच में कोई हस्तक्षेप करने का इरादा रखते हैं, बल्कि हम केवल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आरोपी अपनी जमानत की शर्तों का पालन करते हुए निष्पक्ष जांच में सहयोग करें.

## ईडी ने 'धोखाधड़ी' मामले में की छापेमारी

### 4,500 करोड़ रुपये के निवेश




**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने मुंबई की एक कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा करीब 50 लाख जमाकर्ताओं के साथ 4,500 करोड़ रुपये की कथित निवेश धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की है. संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड (पीसीएल), इसके पूर्व निदेशकों और अन्य के खिलाफ 28 फरवरी को छापे मारे गए. यह सेबी अधिनियम का उल्लंघन कर सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) के माध्यम से कथित धोखाधड़ी का मामला है, जिसमें 50 लाख से अधिक निवेशकों को कथित तौर पर 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का शिकार होना पड़ा. मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम, 1999 के तहत मामला दर्ज किया था और ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए इसका संज्ञान लिया था.

## डीके शिवकुमार को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता: मोईली

**बेंगलुरू.**



कर्नाटक कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचातानी तेज हो रही है। एक ओर सिद्धारमैया हैं तो दूसरी ओर डीके शिवकुमार। इन सब के बीच अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली ने बड़ा बयान जारी किया है। वीरप्पा मोइली ने साफ तौर पर कह दिया है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य का मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। मोइली ने आगे दावा किया कि यह एक तय मामला है। क्या बोले वीरप्पा मोइली? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली ने रविवार को बड़े बयान दिए हैं। उन्होंने कहा- "मैं ही वह व्यक्ति था जिसने सुनिश्चित किया कि शिवकुमार को विधायक के रूप में पहली बार चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिले। आज वह कर्नाटक में एक सफल नेता के रूप में उभरे हैं। आइए, हम सभी उनके जल्द से जल्द मुख्यमंत्री बनने की कामना करें। शिवकुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर परिश्रम किया है- मोइली दरअसल, वीरप्पा मोइली रविवार को करकला में कांग्रेस के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस का प्रमुख होने के बाद भी डीके शिवकुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर भी पार्टी के लिए चुनौतीपूर्ण समय में अथक परिश्रम किया है।

### मैं कांग्रेस का वफादार कार्यकर्ता: शिवकुमार

*वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रविवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस के वफादार कार्यकर्ता हैं। शिवकुमार ने कहा, "मैंने कोई शर्त नहीं रखी है और कोई शर्त रखने की जरूरत भी नहीं है। मैं एक कार्यकर्ता हूं, पार्टी जो कहती है, मैं उसके अनुसार काम करता हूं। शर्तें रखना या ब्लैकमेल करना मेरे खून में नहीं है। मैं कांग्रेस का वफादार कार्यकर्ता हूं।*

## मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकाला

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया है. इसकी जानकारी मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी. उन्होंने कहा कि आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी और मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है. एक दिन पहले ही रविवार को मायावती ने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से हटाया था. उन्होंने साथ ही कहा था कि अब उनकी आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा. मायावती ने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पिछले महीने पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद ये कदम उठाया है.

सोमवार को मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए निष्कासन की इस कार्रवाई की वजह भी बताई. मायावती ने लिखा, "बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी. लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं. उन्होंने आगे लिखा, "अतः परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा मान्यवर श्री कांशीराम जी की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है. लखनऊ में हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने बयान जारी कर कहा था कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है. इस कार्रवाई के लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं. मायावती ने कहा, "अब मैंने यह निर्णय लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक, पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा.

## एनसीएससी-एनसीबीसी में खाली पदों पर जल्द भर्ती करें: राहुल गांधी

**नई दिल्ली.**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार को एक पत्र लिखा है. इसमें उन्होंने कहा है कि पूरे देश में हजारों दलित-पिछड़े न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं. हर जगह जातिगत जनगणना की मांग गूंज रही है. ऐसे वक्त में भाजपा सरकार द्वारा जानबूझकर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाली संवैधानिक संस्थाओं में अहम पदों को ख़ाली रखना उनकी दलित-पिछड़ा विरोधी मानसिकता को दिखाता है.

## जूनागढ़ में राष्ट्रीय रेफरल केंद्र-वन्यजीव की आधारशिला रखी

**जूनागढ़.**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय गुजरात दौरे के आखिरी दिन सोमवार को गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया. जहां उन्होंने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की. साथ ही वन्यजीव संरक्षण में सरकार द्वारा की गई कई पहलों की समीक्षा की. इस मौके पर पीएम मोदी ने देश में किए गए पहले नदी डॉल्फिन आकलन की रिपोर्ट भी जारी की. गिर नेशनल पार्कमें सुबह अपनी शेर सफारी पूरी करने के बाद पीएम मोदी गुजरात के जूनागढ़ जिले के सासन में एनबीडब्ल्यूल की बैठक के लिए रवाना हो गए.

### वन्यजीव ट्रैकिंग के लिए निगरानी केंद्र की स्थापना


विज्ञप्ति में कहा गया है, 'संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से सासन में वन्यजीव ट्रैकिंग के लिए एक उच्च तकनीक निगरानी केंद्र और एक अत्याधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया गया है. राज्य सरकार ने ग्रेटर गिर क्षेत्र में रेलवे पटरियों पर शेरों की आवाजाही के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे के सहयोग से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी तैयार की है. इससे ऐसी घटनाओं में काफी कमी आई है. पीएम मोदी ने बैठक के दौरान देश में पहली बार किए गए नदी डॉल्फिन अनुमान की रिपोर्ट जारी की, जिसमें कुल 6,327 डॉल्फिन का अनुमान लगाया गया था.

## पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर की पति की हत्या

### एक करोड़ के इंश्योरेंस की रकम पाने के लिए, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सांगली.**






महाराष्ट्र के सांगली से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक करोड़ रुपये की बीमा राशि के लिए पत्नी ने बेटे और एक साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। यह हत्या उसके एक करोड़ रुपये के बीमा पर दावा करने के लिए की गई। दोनों मां बेटे को मौत को दुर्घटना बताने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपियों की पहचान वनिता बाबूराव पाटिल, उसके बेटे तेजस बाबूराव पाटिल और उसके दोस्त भीमराव गणपतराव हुलवान के रूप में हुई है, जिन्हें पुलिस ने 1 मार्च को सांगली से गिरफ्तार किया था। पहले मां और उसके बेटे ने कर्ज में डूबे किसान पिता बाबूराव पाटिल (56) को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया।

जब वह नहीं माना तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी। यह हत्या 10 फरवरी की सुबह 2 से 3 बजे के बीच मिरज-पंढरपुर हाईवे पर लांडेवाड़ी के पास हुई। बाबूराव पाटिल का शव होटल आर्या के पास मिला और उसके भाई सागर पाटिल ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां पहले तो यही लगा कि यह दुर्घटना है और दाखिल किया गया लेकिन पुलिस को मां और बेटे के बयान पर शक हुआ। उन्होंने दोनों की मोबाइल लोकेशन निकाली। दोनों ने पुलिस से कहा था कि घटना के दिन वे कराड में थे लेकिन मोबाइल लोकेशन के आधार पर उनकी बात झूठी निकली। पुलिस की पूछताछ में दोनों मां-बेटे ने अपना आरोप कबूल कर लिया और बताया कि पाटिल के ऊपर लगभग 50 लाख रुपए का कर्ज था, जिसके चलते लोग लगातार उनके घर तगादा करने आया करते थे और जब घर की नीलामी के लिए बैंक से नोटिस आया तो उन्होंने बाबूराव पाटिल को प्रेरित किया कि वह खुद को खत्म कर लें। लेकिन ऐसा न होने पर दोनों (पत्नी और बेटा) ने एक साथी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

## सत्र की शुरुआत में जमकर हंगामा

### माणिकराव कोकट पर सरकार के रुख को लेकर अंबादास दानवे और सत्ता पक्ष भिड़ गए



**मुंबई.** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निम्न आय वर्ग के सरकारी कोटे के फ्लैट हड़पकर महाराष्ट्र सरकार से धोखाधड़ी करने के मामले में कोर्ट ने राज्य के कृषि मंत्री एडवोकेट को दोषी करार दिया है। माणिकराव कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को दो-दो साल कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है. विपक्ष ने इस मामले में कोकाटे के इस्तीफे की मांग की है. इस बीच आज विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन इस मुद्दे पर उच्च सदन (विधान परिषद) में जोरदार हंगामा देखने को मिला. विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने मांग की कि सरकार कोकाटे मुद्दे पर अपना रुख घोषित करे। लेकिन विरोधियों ने इस पर हंगामा करना शुरू कर दिया. उन्होंने कहा, ''आज केवल शोक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। इस पर निचले सदन में चर्चा की जाएगी'' सत्ता पक्ष ने कहा। अंततः स्पीकर राम शिंदे ने हस्तक्षेप किया और भ्रम की स्थिति को रोका। अंबादास दानवे ने शोक प्रस्ताव से पहले बोलने की इजाजत मांगी. राम शिंदे द्वारा इजाजत दिए जाने के बाद दानवे ने कहा, 'अदालत ने राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलाफ कार्रवाई की है.' उस समय विरोधियों ने भ्रम फैलाना शुरू कर दिया. इस पर दानवे ने कहा, ''मैं सरकार से केवल स्पष्टीकरण मांग रहा हूं. अब मेरी कोई जिद नहीं है"। इस पर स्पीकर ने कहा, ''वह (माणिकराव कोकाटे) विधानसभा के सदस्य हैं. इसलिए इस पर निचले सदन में चर्चा होगी. हालाँकि, अगर आप इस मामले पर बात करना चाहते हैं, तो आप कल बात कर सकते हैं। स्पीकर द्वारा कल बोलने के लिए कहे जाने के बाद भी अंबादास दानवे ने कहा, ''कम से कम सदन के नेता को यह स्पष्ट करना चाहिए. मेरा मतलब है कि एक मंत्री को अदालत ने सज़ा दी है. उस सज़ा को निलंबित नहीं किया गया है. दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। हालांकि, उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है. वह मंत्री आज सत्र में हिस्सा ले रहे हैं. सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इस पर सरकार की क्या भूमिका है. शोक प्रस्ताव के बाद मैं इस मामले पर कुछ नहीं बोल पाऊंगा. इसलिए मैं आपकी (स्पीकर की) अनुमति से बोल रहा हूं।" इस पर स्पीकर ने कहा, ''आप जिस सुझाव से सदन को अवगत करा रहे हैं, वह फिलहाल निचले सदन का मामला है. आप इस मामले को किसी अन्य आयुदा के माध्यम से इस सदन में उठा सकते हैं।" दानवे ने कहा, ''मैं और राज्य के लोग केवल यह सुनना चाहते हैं कि सरकार इस पर क्या कहती है. क्योंकि मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए गए हैं. इसके बावजूद सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है.

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 14 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

## > इकोनॉमी को बड़ा झटका

**नई दिल्ली.**

इकोनॉमी के मोर्चे पर सरकार और देश को बड़ा झटका लगा है. इसका कारण है मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का डूबना. सेक्टर के जो आंकड़े सामने आए हैं, वो बेहद हैरान और परेशान करने वाले हैं. मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के आंकड़े 14 महीनों के लोअर लेवल पर पहुंच गए हैं. जानकारी के अनुसार प्रोडक्शन में कमी की वजह से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट देखने को मिली है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर आंकड़े किस तरह के देखने को मिले हैं.

नए ठेके और प्रोडक्शन ग्रोथ में कमी के बीच फरवरी में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई. मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में 56.3 अंक पर रहा, जो जनवरी के 57.7 अंक से कम है. हालांकि, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 'विस्तारकारी' क्षेत्र में बना हुआ है. पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक गतिविधियों में संकुचन का संकेत है.

एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि हालांकि, दिसंबर 2023 के बाद से उत्पादन वृद्धि सबसे कमजोर स्तर पर आ गई है, लेकिन भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कुल मिलाकर गति फरवरी में व्यापक रूप से सकारात्मक रही. सर्वेक्षण में



कहा गया कि जनवरी के 14 साल के उच्चतम स्तर से कम होने के बावजूद विस्तार की गति तेज थी. सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि फरवरी में नए निर्यात ऑर्डर में जोरदार वृद्धि हुई, क्योंकि निर्माताओं ने अपने माल की मजबूत वैश्विक मांग का लाभ उठाना जारी रखा. नौकरी के मोर्चे पर, विनिर्माताओं ने फरवरी में अपने कर्मचारियों की संख्या में विस्तार करना जारी रखा. फरवरी के आंकड़ों से पता चला है कि नए बिजनेस इंटेक में लगातार 44वीं वृद्धि हुई है, जिसे पैनल के सदस्यों ने मजबूत ग्राहक मांग और अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर कीमत देने के प्रयासों से जोड़ा है. गिरावट के बावजूद, क्षेत्र ने मजबूत घरेलू और वैश्विक मांग के समर्थन से विस्तारवादी गति बनाए रखी. जनवरी में, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 57.7 पर रहा, जो पिछले महीने के 12 महीने के निचले स्तर 56.4 से तेजी से सुधार हुआ. यह वृद्धि लगभग 14 वर्षों में निर्यात में सबसे तेज उछाल और पिछले जुलाई के बाद से सबसे तेज गति से बढ़े नए ऑर्डरों के कारण हुई.

### जीडीपी में उछाल

वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछली तिमाही की 5.6 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है. यह वृद्धि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट के सात-तिमाही के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर गिरने के बाद आई है, जो अनुमान से काफी कम है. यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से बढ़े हुए सरकारी और उपभोक्ता खर्च, मजबूत खरीफ फसल उत्पादन और ग्रामीण मांग में पुनरुद्धार से प्रेरित थी.

# भारतीय स्टार्टअप्स को मिला फंडिंग का बूस्ट

**नई दिल्ली.** भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए फरवरी 2025 मिलाजुला महीना साबित हुआ। इस दौरान भारतीय स्टार्टअप्स ने कुल $1.65 बिलियन (लगभग ₹4,418 करोड़) की फंडिंग जुटाई। हालांकि, यह आंकड़ा जनवरी 2025 की $1.38 बिलियन की तुलना में 19.5% ज्यादा है, लेकिन फरवरी 2024 के $2.06 बिलियन के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई।

एक की रिपोर्ट के मुताबिक, फिस्कल ईयर 2025 (अप्रैल 2024 - फरवरी 2025) में भारतीय स्टार्टअप्स ने अब तक कुल $25.4 बिलियन की फंडिंग हासिल की, जो 2,200 से अधिक राउंड्स में फैली हुई है। देश की स्टार्टअप कैपिटल बेंगलुरु ने फरवरी में $353 मिलियन की फंडिंग हासिल की, जहां औसतन एक राउंड का साइज $2 मिलियन रहा। वहीं, मुंबई के स्टार्टअप्स ने $102 मिलियन जुटाए, लेकिन यहां औसत राउंड साइज $5 मिलियन रहा, जो बेंगलुरु से काफी बड़ा था।

# शेयर बाजार में जारी है गिरावट का दौर

**नई दिल्ली.**




कोविड के बाद जब शेयर मार्केट ने तेजी पकड़ी, तो सबसे ज्यादा रिटर्न छोटे शेयरों ने दिया. स्मॉल कैप और मिड कैप कंपनियों के स्टॉक ने निवेशकों की झोली भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी, अब जब मार्केट खून के आंसू रो रहा है, तो ये शेयर निवेशकों को भी रूला रहे हैं. फरवरी का महीना स्टॉक मार्केट के लिए भयानक गिरावट का रहा है, जिसने 28 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया और स्मॉल एवं मिड कैप के हालात तो और बुरे रहे हैं. क्या आने वाले समय में हालात सुधरेंगे?

मार्च 2020 के बाद फरवरी में स्मॉल और मिड कैप शेयर्स में सबसे बड़ी गिरावट पिछले महीने दर्ज की गई है. इसने रिटेल इंवेस्टर्स को निचोड़ कर रख दिया है. इसकी बड़ी वजह मार्केट में पैनिक सेलिंग होना है. अगर बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स को देखें, तो फरवरी में इसमें 14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है. वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स भी 10.8 प्रतिशत गिरा है. महज एक महीने में बीएसई स्मॉल कैप इंडेक्स में शामिल 938 स्टॉक्स में से 321 स्टॉक ऐसे रहे हैं, जिनमें 20 प्रतिशत से अधिक गिरावट देखी गई है. वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 21 मार्च 2024 के बाद अपने नए निचले स्तर पर पहुंच गया है. कमजोर वैश्विक बाजार, ग्लोबल लेवल पर राजनीतिक अस्थिरता और स्मॉल एवं मिडकैप स्टॉक्स में लिक्विडिटी की समस्या के चलते मार्केट में ये नए निचले स्तर पर जा चुके हैं. एक खबर के मुताबिक कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के प्रतीक गुप्ता का कहना है कि स्मॉल और मिडकैप के मामले में कई बार स्टॉक का ओवर वैल्यूएशन देखने को मिलता है.

# पोस्ट ऑफिस की स्कीम में सरकार दे रही ब्याज

**नई दिल्ली.**

आज के समय में हर कोई अपनी कमाई में से कुछ न कुछ बचाकर ऐसी जगह निवेश करता है, जहां उसका पैसा सुरक्षित रहने के साथ ही उसे रिटर्न भी जोरदार मिले. इस हिसाब से पोस्ट ऑफिस द्वारा संचालित स्कीम्स बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकती हैं. इसमें एक योजना है पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट स्कीम की, इसमें निवेश करने पर सिर्फ ब्याद से ही 2 लाख रुपये तक की कमाई की जा सकती है.

बच्चे, बूढ़े हों या फिर जवान और महिलाएं पोस्ट ऑफिस में हर आयु वर्ग के लिए सेविंग स्कीम्स संचालित की जा रही हैं. अगर बात करें पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट स्कीम की, तो इसमें जोरदार रिटर्न,



सुरक्षित निवेश के साथ ही टैक्स छूट का लाभ भी मिलता है, जो इसे और भी पॉपुलर बनाता है. इस स्कीम में पांच साल के लिए पैसे लगाने होते हैं. अगर ब्याज की बात करें, तो सरकार की ओर से निवेशकों को इस स्कीम में 7.5 फीसदी का धांसू ब्याज ऑफर किया जा रहा है यानी रिटर्न देने के मामले में भी ये सेविंग स्कीम आगे है.

पोस्ट ऑफिस टाइम डिपाजिट योजना के तहत निवेशक अलग-अलग टैन्योर के लिए इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं.


इसमें 1 साल, 2 साल, 3 साल और 5 साल के लिए पैसे जमा किए जा सकते हैं. एक साल के लिए निवेश करने पर 6.9 फीसदी का ब्याज मिलता है, जबकि 2 या 3 साल के लिए पैसे इन्वेस्ट करने पर 7 फीसदी की दर तय की गई है. वहीं 5 साल के लिए पोस्ट ऑफिस की इस स्कीम में निवेश करते हैं, तो फिर इन्वेस्टर्स को 7.5 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है.

# 2030 तक पॉल्यूशन को कम करने का रेलवे का लक्ष्य

**नई दिल्ली.**

भारतीय रेलवे ने 2030 तक पॉल्यूशन को कम करने के लिए बनाए अपने प्लान जीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के लिए एक बैलेंस एनर्जी को अपनाने की योजना बनाई है, जिसमें, रेलवे की ओर से परमाणु, सौर, वाटर एनर्जी, विंड और थर्मल ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जाएगा. यह पहल नेशनल ट्रांसपोर्टर की 10-गीगावाट ट्रैक्शन ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में मदद करेगी. रेलवे की योजना 2030 तक 3 जीडब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा और 3 जीडब्ल्यू थर्मल और परमाणु ऊर्जा खरीदने की है. बाकी 4 जीडब्ल्यू ट्रैक्शन के लिए पावर डिस्ट्रीब्यूटर कंपनियों के साथ समझौते किए जाएंगे. रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार रेलवे ने ऊर्जा मंत्रालय से 2 जीडब्ल्यू परमाणु ऊर्जा आवंटित करने का अनुरोध किया है. साथ ही, 2 जीडब्ल्यू तापीय ऊर्जा नए संयुक्त उद्यम प्रस्तावों और ऊर्जा खरीद समझौतों के माध्यम से ली जाएगी. इसके अलावा 500 मेगावाट राउंड-द-क्लॉक नवीकरणीय ऊर्जा के लिए भी समझौते किए जा रहे हैं.

सरकार इसके साथ ही वॉटर एनर्जी परियोजनाएं भी



इस स्कीम का हिस्सा होंगी, जिसके लिए सरकार लगभग 1.5 वाटर एनर्जी परियोजनाओं की योजना बनाई जा रही है जो रेलवे को ऊर्जा आपूर्ति करेंगी. इन परियोजनाओं से रेलवे को ऊर्जा मिलेगी. रेलवे आने वाले समय में रेल सिस्टम के पूरी तरह से टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. इसके लिए वंदे भारत जैसे ट्रेनों की शुरुआत भी कर दी गई है.

सरकार रेलवे को पूरी तरीके इलेक्ट्रिक से चलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है. इसका नतीजा यही है कि इस समय देश में 90% ट्रेनें बिजली से चल रही हैं, जबकि केवल 10% डीजल से चलती हैं. वहीं, 3 साल पहले यही आंकड़ा 37 प्रतिशत था.

# न्यू टैक्स रिजीम में कितना लगता है टैक्स?

**नई दिल्ली.**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री किया है। अगर 75000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन को भी मिला लें, तो कुल 12.75 लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी।

हालांकि, अभी भी न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपये की सालाना इनकम 10 फीसदी टैक्स स्लैब में आ रही है। इससे टैक्सपेयर्स उलझन में हैं कि उनकी 12.75 लाख की इनकम टैक्स फ्री कैसे होगी। आइए इसे डिटेल में समझते हैं।अभी न्यू टैक्स रिजीम के मुताबिक, 0-4 लाख रुपये तक पर टैक्स जीरो है। वहीं, 4 से 8 लाख रुपये तक की कमाई पर 5 फीसदी और 8 से 12 लाख रुपये तक पर 10 फीसदी टैक्स लगता है। सबसे अधिक 30 फीसदी टैक्स 24 लाख रुपये से अधिक की सालाना कमाई पर लगेगा।

इनकम टैक्स के सेक्शन 87A के तहत करदाताओं को टैक्स रिबेट मिलती है। यह ओल्ड टैक्स रिजीम के लिए 12,500 रुपये है और न्यू टैक्स रिजीम के लिए 60,000 रुपये। इसका सीधा-सा मतलब है कि अगर न्यू टैक्स रिजीम में आपकी टैक्स देनदारी 60 हजार रुपये से कम है, तो आपको एक भी रुपया टैक्स देने की जरूरत नहीं है।

इस हिसाब से आपकी 12 लाख तक की सालाना कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी। इसे यूं समझिए कि 0-4 लाख की इनकम टैक्स फ्री है। वहीं, 4 से 8 लाख पर 5 फीसदी लगेगा। इसका मतलब कि इस चार लाख पर आपकी 20,000 रुपये की टैक्स देनदारी बनेगी। अगले चार लाख यानी 8 से 12 लाख पर आपको 10 फीसदी टैक्स देना होगा, जो 40,000 रुपये होते हैं।

इसका मतलब है कि आपको 12 लाख की सालाना आय पर 60 हजार रुपये का टैक्स देना होगा, जिस पर सरकार सीधे छूट दे रही है। इसमें 75 हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ लें, तो 12.75 लाख रुपये तक का सालाना कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी।

# पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को राहत

## हाईकोर्ट ने एफआईआर पर लगाई रोक

**नई दिल्ली.**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को एसीबी से कहा कि सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर चार मार्च तक कोई कार्रवाई न की जाए. बुच, बीएसई के प्रबंध निदेशक सुंदररमन राममूर्ति और चार अन्य अधिकारियों ने उन पर दर्ज प्राथमिकी के आदेश के खिलाफ सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया था.






मुंबई स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने शनिवार को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के संबंध में बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था. बुच और अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति एस जी डिगे की एकल पीठ ने कहा कि याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होगी और तब तक एसीबी की विशेष अदालत के आदेश पर कार्रवाई नहीं होगी.


सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता बुच और सेबी के तीन मौजूदा पूर्णकालिक निदेशकों अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय की ओर से पेश हुए. वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररमन राममूर्ति और इसके पूर्व चेयरमैन और जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल की ओर से पेश हुए.याचिकाओं में विशेष अदालत के आदेश को अवैध और मनमाना बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई.


अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने 2024 के आखिर में तत्कालीन सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के खिलाफ एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें दावा किया गया था कि, अडानी ग्रुप के विदेशी फंड में सेबी चीफ माधवी पुरी बुच और उनके पति की हिस्सेदारी है. साथ ही इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप और सेबी के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया गया था.

हिंडनबर्ग के इन आरोपों पर माधवी पुरी बुच और उनके पति ने प्रतिक्रिया देते हुए कहां कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमने कोई भी जानकारी छुपाई नहीं है और हिंडनबर्ग के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है.



# मुंबई पहुँचा सनफीस्ट डार्क फैंटेसी का 'बिग फैंटेसी स्पेसशिप'



**मुंबई.**

बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों में अपनी सफलता के सफर को जारी रखते हुए, सनफीस्ट डार्क फैंटेसी का प्रसिद्ध फैंटेसी स्पेसशिप अब मुंबई पहुंच चुका है। यह 28 फरवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर यहां लाया गया है। "बिग फैंटेसीज़: अपनी कल्पना को पंख दें, कैम्पेन के तहत, यह स्पेसशिप बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए कला और तकनीक का अनूठा मेल प्रस्तुत करता है।

मुंबई के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों को नेहरू साइंस सेंटर में स्थापित फैंटेसी स्पेसशिप का अनुभव करने का अवसर मिलेगा, जो 2nd मार्च 2025 तक वहां उपलब्ध रहेगा। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह विशेष बस बड़े इंटरैक्टिव स्क्रीन से लैस है, जो बच्चों की हाथ से बनाई गई चित्रकारी को जीवंत डिजिटल रचनाओं में बदलती है, साथ ही उनकी मौलिकता को बनाए रखती है। स्कैन करने के बाद, उनकी कला को डिजिटल रूप से 3डी इंटरैक्टिव कैरेक्टर्स में परिवर्तित किया जाएगा, जिसे फैंटेसी स्पेसशिप के अंदर विशाल टच-इनेबल्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा।

इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए, आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, बिस्किट्स और केक्स क्लस्टर के सीओओ, अली हारिस शेर ने कहा, "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नेहरू साइंस सेंटर के साथ साझेदारी करना युवा प्रतिभाओं और उनकी असीम संभावनाओं को प्रोत्साहित करने का एक अद्भुत तरीका है। हर क्षण हमें यह याद दिलाता है कि उनके भीतर कितनी अद्वितीय रचनात्मकता समाई हुई है। हम आने वाले दिनों में और भी अधिक युवा सपने देखने वालों का स्वागत करने और उनकी कल्पनाओं को नई दिशाओं में उड़ान भरते देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं! इस अनोखे अनुभव से उत्साहित होकर, प्रतिभागी राहुल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा,मुझे सुपरहीरो बहुत पसंद हैं, और आज मैंने अपनी ड्राइंग को बड़े पर्दे पर एक असली डिजिटल सुपरहीरो में बदलते हुए देखा! यह मेरी कल्पना के सच होने जैसा था।" उनकी मां अंजली ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "एक माता-पिता के रूप में, मैं हमेशा ऐसे अवसरों की तलाश में रहती हूं जो मेरे बच्चे की रचनात्मकता को बढ़ावा दें। यह अनुभव सच में जादुई था, जिसमें विज्ञान और कल्पना का अनोखा मेल देखने को मिला। उसके चेहरे पर खुशी देखना मेरे लिए मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था!

### कला, विज्ञान और तकनीक से युवाओं को प्रेरित

आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी की यह पहल कला, विज्ञान और तकनीक को एक साथ जोड़कर युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने और उनकी असीमित रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। इस रोमांच को और भी खास बनाते हुए, चयनित बच्चों को नासा की एक विशेष यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके अंतरिक्ष अन्वेषण के सपने साकार हो सकेंगे।


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रावधान: वित्त मंत्री

**मुंबई.**

महाराष्ट्र में नई गठबंधन सरकार के गठन के बाद पहला बजट सत्र आज (3 मार्च) से शुरू हो गया है। विधानमंडल में आज राज्यपाल का अभिभाषण पारित हो गया. इसके बाद सत्र शुरू हुआ. सत्र के पहले दिन विधानसभा में महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों में मकानों के विकास, कृषि पंपों को बिजली दरों में रियायत और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर अनुपूरक मांगें पेश की गईं. साथ ही राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के लिए धन के प्रावधान की भी घोषणा की गई. इस मौके पर वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा, ''राज्य के हर कोने में बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करने के लिए इस साल कुल 6,486.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. जिसमें से शुद्ध बोझ 4,245.94 करोड़ रुपये है।"



अजित पवार ने इस संबंध में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है. इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज से शुरू हुए महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र 2025 के पहले दिन राज्य के ग्रामीण इलाकों में घर, कृषि पंपों के लिए बिजली दरों में रियायत, सड़क विकास में तेजी जैसी बुनियादी सुविधाओं और जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में अनुपूरक मांगें पेश की गईं। इन मांगों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण निवासियों के लिए आवास, मुख्यमंत्री बलिराजा बिजली टैरिफ योजना के तहत कृषि पंप ग्राहकों के लिए बिजली दरों में रियायतें, केंद्र सरकार की योजना के तहत सड़क और पुल परियोजनाओं के लिए ब्याज मुक्त ऋण के लिए धनराशि, राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज शिक्षा शुल्क छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य योजना, पुणे रिंग रोड, जालना-नांदेड़ एक्सप्रेसवे पर काम में तेजी, गोदावरी मराठवाड़ा सिंचाई विकास निगम के लिए बलिराजा जलसंजीवनी योजना के साथ-साथ शामिल हैं। सरकारी योगदान घटक के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण में ये सभी शामिल हैं।

अजित पवार ने कहा, ''राज्य के ढांचागत विकास को मजबूत करने के लिए इस साल कुल 6,486.20 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है, जिसमें से शुद्ध बोझ 4,245.94 करोड़ रुपये है. आज विधानसभा में पेश किए गए कुल 6,486.20 करोड़ रुपये में से 932.54 करोड़ रुपये अनिवार्य मांगों के रूप में, 3,420.41 करोड़ रुपये कार्यक्रम मांगों के रूप में, 2,133.25 करोड़ रुपये केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत वित्त पोषण के रूप में प्रस्तावित हैं। मेरा मानना है कि इन अनुपूरक मांगों के माध्यम से राज्य के विभिन्न घटकों का सर्वांगीण विकास करने की दृष्टि से यह बजट निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होगा।

# उसे फाँसी दो...पर सिक्के का दूसरा पहलू सामने आना चाहिए

**पुणे.**

पुणे के स्वारगेट रेप मामले में आरोपी दत्तात्रय गाडे के भाई वाजिद खान और साजिद शाह और आरोपी के वकीलों ने आज पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान वकील वाजिद खान ने कहा कि आरोपी ने अपराध किया है या नहीं? इसका फैसला कोर्ट करेगा. आज इस प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भूमिका सुरक्षा पाने की है. हमें धमकी दी जा रही है क्योंकि हम आरोपियों का बचाव कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर रील्स पोस्ट की जा रही हैं. इसलिए हमें पुलिस सुरक्षा की जरूरत है. अब क्या एक वकील को रेप के आरोपी का केस लड़ना चाहिए या नहीं? हालात बहुत ख़राब हैं. अधिवक्ता वाजिद खान ने तर्क दिया कि कोई भी फोन कर परेशान कर रहा है।




इस समय आरोपी के भाई ने बताया, आरोपी दत्ता गाडे गुलटेकडी सब्जी मार्केट यार्डम में सब्जी का कारोबार करता है. यह घटना स्वारगेट बस डिपो पर सब्जी बेचने के दौरान हुई। हमें पुलिस व्यवस्था पर भरोसा है. हमें भी न्यायालय पर विश्वास है. जिस पीड़ित महिला के साथ घटना घटी उसे भी न्याय मिलना चाहिए. कोर्ट जो फैसला देगा उसे हम स्वीकार करेंगे. हालाँकि अदालत ने दत्ता गाडे को मौत की सज़ा सुनाई, हम सहमत हैं। हमें उस पर तनिक भी दुख नहीं होगा. लेकिन इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए.

मीडिया ने तीन दिन तक सिक्के का एक ही पहलू दिखाया. आरोपी के भाई दत्ता गाडे ने अपील की कि जांच के बाद सिक्के का दूसरा पहलू भी दिखाया जाना चाहिए.

गांव के लोगों का हमारे प्रति नजरिया बदल गया है. वे हमारे साथ बिल्कुल भी संपर्क में नहीं रहना चाहते", आरोपी के भाई ने कहा। साथ ही, क्या आपको इस बात का अंदाजा है कि इस समय पत्रकारों द्वारा दत्तात्रय गाडे के खिलाफ छह मामले दर्ज किये गये हैं? यह प्रश्न पूछा. इस पर उन्होंने कहा, हम उनके खिलाफ हुए अपराधों से अवगत हैं. उन्हें छह अपराधों में से एक में बरी कर दिया गया है।

# 'छुटकी' से इतना प्यार... चिढ़ता था 13 साल का भाई

## > बहन का सिर पत्थर कुचल दिया

**पालघर.**

महाराष्ट्र के पालघर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 13 साल के बच्चे ने अपनी ही 5 साल की मासूम बहन की हत्या कर दी. भाई से जब बहन की हत्या करने की वजह पूछी गई तो उसने कहा कि घर में सभी लोग सिर्फ उससे ही लाड-प्यार करते हैं और मुझसे कोई भी प्यार नहीं करता. इस बात से नाराज होकर बच्चे ने बहन की हत्या कर दी.

ये घटना पालघर के नाला सोपारा में घटी. जहां 5 साल की बच्ची का शव रविवार सुबह 4 बजे जंगल में पड़ा मिला. सीसीटीवी कैमरे की मदद से हत्या की गुत्थी सुलझाई गई. पुलिस ने पेल्हार थाने में नाबालिग आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतक बच्ची का नाम शिद्रखातुन खान बताया जा रहा है. वह अपने परिवार के साथ नाला सोपारा पूर्व के श्रीराम नगर इलाके में रहती थी.



**पहले देखी फिल्म फिर की हत्या**

हत्या करने वाला भाई मृतक लड़की का चचेरा भाई है. उसने पहले बच्ची का गला घोंटा और फिर उसके सिर को पत्थर कुचल दिया. हत्या आरोपी भाई को लेकर पुलिस ने जानकारी दी कि उसने बच्ची की हत्या करने से पहले नवाजुद्दीन सिद्दीकी की सीरियल किलिंग हिंदी फिल्म रमन राघव 2.0 देखी थी. इसके बाद उनसे इस वारदात को अंजाम दिया. उसे अपनी चचेरी बहन से चिढ़ थी कि परिवार में सभी लोग छुटकी से इतना प्यार और परवाह करते हैं, जबकि उसे कोई प्यार नहीं करता और न ही उसकी कोई परवाह करता है.

खुद कबूल की हत्या की बात

पुलिस ने बताया कि एक मार्च को बच्ची घर से ही गायब हो गई थी, जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई. परिवार वालों ने बच्ची के गुमशुदा होने की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने बच्ची की छानबीन शुरू की. आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, तो बच्ची अपने चचेरे भाई के साथ जाती नजर आई. इसके बाद भाई से पूछताछ की गई तो पहले उसने पुलिस को भटकाने की कोशिश की, हालांकि बाद में उसने बहन की हत्या की बात स्वीकार कर ली.

# मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग का कामकाज ठप कर दिया?

**मुंबई.**

धिानमंडल के बजट सत्र का आज पहला दिन था. इस मौके पर शिवसेना (शिंदे) पार्टी के नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत भी बजट सत्र में शामिल हुए. इस मौके पर तानाजी सावंत ने मीडिया से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर टिप्पणी की. इस बीच चर्चा है कि राज्य के मुख्यमंत्री ने तानाजी सावंत के कार्यकाल के दौरान 3190 करोड़ के काम लटका दिए हैं. इन चर्चाओं पर आज तानाजी सावंत ने टिप्पणी की है. साथ ही, तानाजी सावंत ने बताया है कि राज्य कैबिनेट या मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस द्वारा कुछ भी निलंबित नहीं किया गया है।

**तानाजी सावंत ने क्या कहा?**

तानाजी सावंत को महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली. राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वे इस बात से नाराज हैं. जब तानाजी सावंत से इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''ऐसा कोई हिस्सा नहीं है जहां मैं नाराज या खुश हूं. पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे निभाना हमारा काम है. हालांकि अब एक जिम्मेदारी खत्म हो गई है, लेकिन मुझ पर और भी कई जिम्मेदारियां हैं।' तो इसका मतलब यह नहीं है कि मैंने किसी भी जिम्मेदारी से भाग लिया", तानाजी सावंत ने कहा।



उन्होंने कहा, ''पिछले दो दिनों से काम रोकने का मामला चल रहा है। दरअसल, उस विषय के बारे में जानकारी प्राप्त करना जरूरी है। मैंने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से चर्चा की है।' इसलिए, न तो कैबिनेट और न ही मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने ऐसा कुछ भी निलंबित किया है। अभी 3190 करोड़ का घोटाला है, इससे पहले आरोप था कि 108 कारों के मामले में 10 हजार, 12 हजार करोड़ का घोटाला हुआ था. हालाँकि, महाराष्ट्र सरकार के खजाने से एक भी रुपया कहीं नहीं गया है। लेकिन आभासी दुनिया में रहकर घोटालों को बुलाना और किसी को बदनाम करना गलत है। तानाजी सावंत ने कहा है कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था तब लगभग 24 महीने में स्वास्थ्य विभाग में 42 फैसले लिए गए.

# चार महीने की श्रेया को गला घोंट कर मार डाला

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुंबई से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां के एक शख्स ने अपनी 4 महीने की बेटी की जान ले ली। 40 वर्षीय इस व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसकी वजह भी चौंका देने वाली है। आरोपी के मुताबिक उसे तीसरा बच्चा नहीं चाहिए था और वह उसके जन्म के बाद से ही नाराज था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक बच्ची की मां उस वक्त घर पर मौजूद नहीं थी। दोनों पति पत्नी दिहाड़ी मजदूर हैं और उनके तीन बच्चे थे। उन दोनों की बच्ची, श्रेया कोकरे का जन्म लगभग चार महीने पहले ही हुआ था। चूंकि दंपति के पहले से ही दो बच्चे थे और उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए आरोपी तीसरे बच्चे को लेकर खुश नहीं था।



# हथकड़ी पहनकर भारतीयों के डिपोर्टेशन का किया विरोध

**मुंबई.** महाराष्ट्र में एनसीपी-एससीपी नेता जितेंद्र आव्हाड हाथ में हथकड़ी पहनकर बाहर घूमते हुए दिखाई दिए. पत्रकारों ने हथकड़ी पहनने की वजह के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि अमेरिका से भारतीयों को ऐसे ही हथकड़ी लगाकर भेजा गया. अप्रवासियों को वापस भेजे जाने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए हथकड़ी पहनकर बाहर आया हूं. उन्होंने कहा कि अमेरिका में हमारे भारतीयों पर अन्याय किया जा रहा है.

जिस तरह से उन्हें हथकड़ी में उन्हें बांधकर लाया गया, इससे उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. उन्होंने कहा कि भारतीयों को अमेरिका में अन्याय का सामना करना पड़ रहा है. भारत में उन्हें बांधकर वापस भेजा जा रहा है. यहां पर वीजा की समस्या है. कोई भी भारतीय अमेरिका में सुरक्षित नहीं है. भारतीयों को इतनी मुश्किल उठानी पड़ रही है, लेकिन सरकार अमेरिका के बारे में एक भी शब्द नहीं बोल रही.

# सभी आरोपी शिंदे की शिवसेना से?

**जलगांव.**

जलगांव में केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़छाड़ मामले में एक नया मोड़ सामने आया है. बताया गया है कि मामले में सभी आरोपी एकनाथ शिंदे की शिवसेना से हैं. पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. केंद्रीय मंत्री ने खुद थाने जाकर इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थीं.

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले का आरोपी अनिकेत भोई विधायक चंद्रकांत पाटिल के कट्टर समर्थक और रावेर लोकसभा क्षेत्र के शिवसेना शिंदे गुट के जिला प्रमुख छोटूभाई का भतीजा है. बताया गया है कि अनिकेत भोई के खिलाफ मुक्ताई नगर पुलिस स्टेशन में पहले से ही चार से पांच मामले दर्ज हैं. वहीं, इस पूरे मामले में जिन लोगों को अरेस्ट किया गया है, उनमें अनिकेत भोई, पीयूष मोरे, सोहम कोली, अनुज पाटिल, किरण माली, चेतन भोई, सचिन पालवे का नाम शामिल है.



पीयूष मोरे शिंदे गुट के पूर्व नगरसेवक हैं. सचिन पलावे शिवसेना शिंदे गुट चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ, मुक्ताई नगर शहर के प्रमुख हैं और किरण माली और सोहम कोली भी शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारियों के रिश्तेदार हैं.

## जाहीर सुचना

मी माझे वकीलाच्या वतीने जाहिर नोटिस देतो की, **१) कल्पना रमेश शेन्डे, २) प्रमिला रामभाऊ तिडके, व ३) वैशाली रुपेशराव खंगार** सर्व रा. नागपुर यांच्या मालकीची खालील वर्णन केलेली शेतजमीन विकत घेण्याचा विक्रीकरार/विक्रीपत्र माझे पक्षकार अंबिका रामदेव सिंह राह. डब्लू सी. एल. कॉलनी, टेकाडी करीत आहे.

**स्थावर शेतजमीन / संपत्तीचे वर्णन :**

खास तह. मौदा, जि. नागपुर, येथील **मौजा नरसाळा, प.ह. क्र. ५१, खसरा क्र.२, भो. वर्ग- १, खाते क्र. ४५, आराजी १.२२ हे. आर,** शेत जमीन असून यातील अविभक्त हिस्सा आराजी ०.६१ हे. आर, तह. मौदा, जि. नागपुर येथे शेतजमीन आहे. सदर्ह शेतजमिनीवर कुणाचा बोझा, गहाण, बक्षिस पत्र, करारनामा किंवा उजर वगैरे असल्यास त्यांनी खालील पत्यावर ७ दिवसाच्या आत संपुर्ण दस्ताऐवजासह लेखी स्वरूपात संपर्क साधावा अन्यथा माझे पक्षकार सदर्ह संपत्तीचे स्थावर शेतजमीन विक्री करारपत्र / विक्रीपत्र करून घेण्यास मोकळे राहतील व त्यानंतर कुणाचाही उजर राहणार नाही.

**नागपूर दि. २६/०२/२०२५**

**स्वा./-**
**ॲड. नंदिनी आर. त्रिपाठी**
**नागपूर-**

# अबु आजमी ने औरंगजेब को बताया ग्रेट

**मुंबई.**

सपा नेता अबु आजमी का विवादास्पद बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि औरंगजेब ग्रेट राजा थे. उनके समय में भारत सोने की चिड़िया था. औरंगजेब की कब्र खोदने की बात करने वाले भाजपा नेता साम्प्रदायिक सौहार्द खराब कर रहे हैं. मुसलमानों को दबाया जा रहा है. अबु आजमी के इस बयान पर शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के गिरफ्तारी की मांग की है.

आदित्य ठाकरे ने कहा कि अबु आजमी ने औरंगजेब की तारीफ की है. ये महाराज का अपमान है. अबु आमी ने जो कहा है या और कोई जो महाराज के खिलाफ कह रहे हैं. उनके खिलाफ केस हो लेकिन कब होगा भाजपा की सरकार है.

**अबु आजमी को छावा फिल्म देखना चाहिए- राम कदम**

वहीं, अबु आजमी के बयान पर बीजेपी नेता राम कदम ने कहा कि अबु अजीम आजमी को थियेटर में जाकर छावा फिल्म देखना चाहिए. इसिहास पढ़ना चहिए. जिसे वो ग्रेट राजा बोल रहे हैं, उसने हमारे संभाजी राजा को कितनी बेरहमी से मारा. उन्हें जेल में डाला. अबु आजमी को शर्म आनी चाहिए.

वहीं अबु आजमी ने दारुल उलूम के मोबाइल बैन बयान का समर्थन किया है. राम कदम ने कहा कि रोहित शर्मा के खिलाफ बोलने वाले कांग्रेसी नेता को खेल में राजनीति नहीं करनी चाहिए. रोहित ने जो देश के लिए किया वो ये कांग्रेसी नेता कैसे भूल गए?



**अबू आजमी पहले भी कर चुके हैं औरंगजेब का समर्थन**

अबू आजमी पहले भी औरंगजेब का समर्थन कर चुके हैं. साल 2023 में औरंगजेब का समर्थन करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी. धमकी के बाद उन्होंने उस समय मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई थी.

दरअसल, छावा मूवी देखने के बाद लोग संभाजी महाराज पर औरंगजेब ने जो जुल्म किया था. उस पर बात कर रहे हैं और इसको लेकर इतिहास के पन्ने पलट रहे हैं. संभाजी महाराज छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े बेटे थे. छावा मूवी में विक्की कौशल ने संभाजी महाराज का रोल अदा किया है. संभाजी महाराज मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक थे.

औरंगजेब छठा मुगल शासक था और उसने 1658 से 1707 तक शासन संभाला. कहा जाता है कि औरंगजेब ने बहुत कठोरता के साथ सख्त शरिया कानून को लागू किया था. 1707 में औरंगजेब की मौत हो गई.

# संतोष देशमुख हत्याकांड में आरोप पत्र

**छत्रपति संभाजीनगर.** पवन ऊर्जा परियोजना में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनी 'अवादा' से 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वाला वाल्मिक कराड संतोष देशमुख हत्याकांड का मास्टरमाइंड है। राज्य अपराध जांच विभाग ने इस संबंध में एक आरोप पत्र दायर किया। आरोप पत्र सीसीटीवी फुटेज के साथ दायर किया गया था, जिसमें कराड की आवाज और कंपनी के कर्मचारियों की आवाज के नमूने का मिलान किया गया था, जो हत्या के मामले में आरोपियों को जबरन वसूली अपराध से जोड़ता था। करीब 180 गवाहों, पंचों की मदद से जांच के बाद इस अपराध में मास्टरमाइंड के तौर पर वाल्मीक कराड को नंबर एक आरोपी बनाया गया है.

## आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें।

वृषभ -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं

मिथुन -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी।

कर्क -आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

सिंह -आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं।

कन्या- आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा।

तुला -आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक- आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है,

धनु- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कुंभ- आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा

मीन -आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा।

# विधानसभा में ठाकरे गुट से भाजपा की दिखी करीबी

**मुंबई.** महाराष्ट्र में नई सरकार बनने के बाद से ही चर्चाएं चलती रहती हैं कि सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बीच रिश्ते सहज नहीं हैं। सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र भी शुरू हो गया, जिसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना और भाजपा नेताओं के बीच नजदीकी थी। इन रिश्तों ने एकनाथ शिंदे गुट को असहज कर दिया है। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने सुनील राउत से मुलाकात की, जो संजय राउत के भाई हैं। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि सुनील राउत को नेता विपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। वह विखरोली विधानसभा सीट से चुनकर सदन में पहुंचे हैं। नार्वेकर से उनकी मुलाकात ने चर्चाएं तेज कर दी हैं कि कहीं उन्हें ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी न दे दी जाए।



नार्वेकर और सुनील राउत की मुलाकात के बाद वरुण सरदेसाई और सीएम देवेंद्र फडणवीस की भी मुलाकात हुई। यह मीटिंग अहम थी और इसकी खूब चर्चा भी है। वजह यह कि वरुण सरदेसाई उद्धव ठाकरे के रिश्तेदार हैं। वह उद्धव ठाकरे के भतीजे लगते हैं। ऐसे में उनकी सीएम से मुलाकात की चर्चा है। उन्होंने मीटिंग के बाद कहा कि मैंने असेंबली एरिया में विकास के लिए सीएम से मुलाकात की थी। फिर भी राजनीति में मुलाकातों के निहितार्थ तो निकाले ही जाते हैं। इस तरह करीबी सुनील राउत और रिश्तेदार वरुण सरदेसाई की भाजपा नेताओं से मुलाकात ने कयासों को तेज कर दिया है। इन मीटिंग्स से भले ही फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता, लेकिन एकनाथ शिंदे के लिए यह चिंता की बात है।

रविवार शाम को ही अजित पवार ने उनके मजे ले लिए थे। सीएम फडणवीस के साथ दोनों नेता मौजूद थे और इसी दौरान अजित पवार ने कहा कि आप अपने सीएम पद की रक्षा नहीं कर पाए। इसमें मैं क्या कर सकता हूं। इतना कहना था कि ठहाके लगने लगे। वहीं एकनाथ शिंदे थोड़ा परेशान दिखे। एक वाकया और हुआ है। भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने विधान परिषद में विपक्ष के नेताओं को चॉकलेट दी। उन्होंने आदित्य ठाकरे से भी मीटिंग की और उन्हें चॉकलेट दी। माना जा रहा है कि उद्धव ठाकरे सेना और भाजपा के बीच खाई को पाटने के लिए ऐसी मुलाकातें हो रही हैं। फिलहाल देखना होगा कि असेंबली इलेक्शन में क्या स्थिति रहती है।

## मेट्रो CLASSIFIED

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री
ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक**
**मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088**

## सुविचार

रोजे की रहमत, दुआओं की बरकत, इबादत से रोशन हो आपका जहान, रहमत से महक उठे आपका अरमान।

## संपादकीय

# यह कैसी कूटनीति

वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को जिस तरह की तीखी नोकझोंक देखने को मिली, उसे कूटनीति के इतिहास में अभूतपूर्व कहा जा सकता है। लाइव टीवी कवरेज के जरिए पूरी दुनिया ने पहली बार देखा कि दो राष्ट्राध्यक्ष अपनी टीम के साथ एक-दूसरे से तू-तू मैं-मैं कर रहे हैं। वैसे, दोनों पक्षों के स्टैंड पर गौर करें तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं दिखती जिसे सिरे से गलत कहा जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। अमेरिका इस युद्ध में लगातार यूक्रेन के साथ खड़ा रहा है। अब अगर उसे लगता है कि अपने देश के करदाताओं का पैसा इस लड़ाई में नहीं झोंका जाना चाहिए, तो इसमें कुछ भी असंगत नहीं है। इस लिहाज से उसकी यह कोशिश जायज है कि यह लड़ाई जल्द से जल्द बंद हो।दूसरी तरफ, यूक्रेन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि युद्धविराम के बाद रूस फिर से हमला न कर बैठे। कारण चाहे जो भी हों, उसकी यह शिकायत तथ्यात्मक रूप से सही है कि रूस अलग-अलग बहानों से उस पर हमले करता रहा है, सहमतियां तोड़ता रहा है। ऐसे में जहां अमेरिका पहले समझौता और युद्धविराम पर जोर दे रहा था, वहीं यूक्रेन पहले सुरक्षा गारंटी चाहता था। दो देशों के बीच सहमति बनने से पहले इस तरह का गतिरोध आना कोई नई या अस्वाभाविक बात नहीं है। नई बात यह हुई कि इन मतभेदों पर चर्चा मीडिया के सामने शुरू हो गई। चूंकि बातचीत वाइट हाउस में हो रही थी, इसलिए स्वाभाविक ही इसकी जिम्मेदारी अमेरिका पर आ जाती है। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद भी उसी समय इस पूरी नोकझोंक को 'ग्रेट टेलिविजन' करार दिया। मकसद चाहे जो भी रहा हो, इस पूरे प्रकरण से दोनों में से कोई भी पक्ष फायदे में नहीं दिख रहा। अमेरिका जो समझौता यूक्रेन के साथ करना चाहता था, वह टल गया। यूक्रेन को भले ही यूरोप का साथ मिलता दिख रहा है, अमेरिकी समर्थन के बगैर उसका इस युद्ध में टिकना मुश्किल है। ऐसे में बहुत संभव है कि देर-सबेर दोनों फिर बातचीत की टेबल पर आएं। बेहतर होगा कि इंतजार में ज्यादा वक्त और जिंदगियां न बर्बाद की जाएं।


## पवित्र महीना माहे रमज़ान विशेष

# रोज़ेदार को गुनाहों से बचने की आवश्यकता

### शरीर के अंगों को पवित्र रखे, आंखें, जीभ, कान और दिल पर संयम रखें

डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर






रमज़ानुल मुबारक से संबंधित एक बात उदाहरण के रूप में यह है कि एसी चलाने से पहले इस बात का ध्यान रखा जाता है कि घर के सभी दरवाज़े, खिड़कियां, वेंटीलेटर आदि बंद रहें। कोई भी भाग खुला हुआ न रहे जिससे कि ठंडी हवा बाहर न जा सके। अन्यथा एसी से कोई लाभ नहीं मिल सकेगा, ठंडी हवा बाहर चली जाया करेगी। ठीक उसी तरह रमज़ानुल मुबारक में इबादतें करने से पहले इस बात की चिंता करना प्रत्येक रोज़ेदार के लिए ज़रूरी है। उन्हें चाहिए कि वे पापों के सभी दरवाज़ो को बंद कर ले। इसमें गुनाह यानी पापों की खिड़कियाँ, वेंटीलेटर अर्थात हर प्रकार के छिद्रों को बन्द कर लिया जाना चाहिए, वरना इबादतों का नूर, प्रकाश महसूस नहीं हो सकेगा। ऐसा न हो कि एक ओर रोज़े और इबादतों से नूर और सवाब एकत्रित हो लेकिन दूसरी ओर पापों के मार्ग से वह नूर, प्रकाश और सवाब नष्ट हो जायेगा. अक्सर रमजानुल मुबारक में किए जाने वाली इबादतों की सूची नहीं बनाई जाती और उसे भुला दिया जाता है कि रमजानुल मुबारक में किन गुनाहों से बचना है. रमज़ानुल मुबारक विशेष रूप से तक़्वा हासिल करने का महीना है और तक़्वे का अर्थ है पापों, गुनाहों से बचने की कोशिश करना. इसलिए रमज़ानुल मुबारक में रोज़ेदार को गुनाहों के दरवाज़े, खिड़कियां वेंटीलेटर के अंतर्गत आंखें ,जीभ, कान, दिल, हाथ पैर और भ्रष्टाचार रहित व्यंजनों, रोज़े के शिष्टाचार एवं वास्तविकताओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। जिससे कि रोज़े से शरीर को पापों से रोका सके। इसके लिए कुछ शिष्टाचारों का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

आंखों का रोज़ा - गुनाह, पापों को शरीर में जाने वाला रह महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए रोज़ेदार पर पहला शिष्टाचार और अदब अपनी आंखों के नाते यह बनता है कि वह अपनी नज़रों को नीचे रखे। अल्लाह तआला को जिन चीज़ों की तरफ़ निगाह या दृष्टि डालना बिल्कुल भी नापसंद है उनकी तरफ़ दृष्टि को बिल्कुल भी ना जाने दिया जाए। जिन चीज़ों को देखने से दिल धड़कता हो, गुनाह की तरफ़ जाता हो और अल्लाह की याद से ग़फ़लत, अर्थात असतर्कता, बेख़बरी, संज्ञाहीनता, निश्चेष्टता, बेपरवाही हो जाती हो तो उनको ना देखा जाए। रोज़ेदार को ये चीज़ें अल्लाह की याद से दूर कर देती हैं। अल्लाह के दूत पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि नज़र डालना (ऐसी चीज़ों पर जिन से अल्लाह ने मना किया है) शैतान के तीरों में एक ज़हर में बुझा हुआ तीर है। जो कोई अल्लाह के डर से बुरी नज़र से रुक जाए, अल्लाह तआला उसके दिल में ईमान की मिठास डाल देगा।

हज़रत जाबिर रज़ि बताते हैं कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि पांच चीज़ें हैं जिनसे रोज़ा टूट जाता है. एक झूठ, दूसरा ग़ीबत, तीसरा चुगली, चौथा झूठी क़सम और पांचवां शहवत अर्थात कामातुरता की नज़र. जीभ जिह्वा रोज़ा रोज़े के शिष्टाचारों में दूसरा अदब यह है कि ज़बान से बकवास और बेहूदा बातें न की जाएं और न ही झूठ न बोला जाए। ग़ीबत न की जाए, चुगली न खाए, अश्लील और गंदी बातें न की जाएं. अत्याचार , ज़ुल्म व ज़्यादती न किये जाएं , झगड़ा न किया जाए और कन्नी या बात को न काटा जाए. ज़बान का रोज़ा यह है कि ख़ामोश और शांति से रहा जाए । रोज़ेदार को चाहिए कि वह इन गुनाहों से बचते हुए ज़बान को अल्लाह की याद और पवित्र क़ुरआन के पठन यानी तिलावत में लगाए रखे। हज़रत सुफ़यान सूरी रहमतुल्लाह का कहना है कि ग़ीबत से रोज़ा टूट जाता है। हज़रत मुजाहिद रहमतुल्लाह कहते हैं कि रोज़ा दो चीजों से टूट जाता है , उसमें एक यह कि ग़ीबत, दूसरा झूठ। अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "रोज़ा एक ढाल है (पापों से बचाव के लिए)। तुममें से कोई रोज़े से हो तो उसे फ़हिश यानी गंदा न बके, न बदकलामी और न फ़िज़ूल की बातें करे, न चीखे चिल्लाए और अगर कोई गाली दे या लड़ने के लिये उतर आए तो कह दे कि मैं रोज़े से हूं।



एक अन्य हदीस में है कि पैग़म्बरे इस्लाम मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के काल में दो महिलाओं ने रोज़ा रखा। दिन गुज़रने के साथ भूख और प्यास की तीव्रता से उनकी हालत खराब हो गई। उन्होंने हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की सेवा में आदमी भेजा और इफ़्तार की इजाज़त तलब की । आप आप सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने उस आदमी को एक प्याला दिया और इरशाद फ़रमाया कि उन दोनों से कहना जो कुछ तुमने खाया है इस प्याले में उल्टी - वमन कर दो । एक औरत ने वमन की तो आधा प्याला ताज़े गोश्त और ख़ून से भर गया, दूसरी ने उल्टी की तो प्याला पूरा भर गया । लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ। रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया की इन दोनों ने उस आहार से तो रोज़ा रखा, जो अल्लाह ने वैध , हलाल किया है और जो चीज़ उसने हराम , अवैध की है उसे खाती रहीं। एक एक दूसरे के पास बैठीं तो दोनों ने लोगों की ग़ीबत शुरू कर दीं, दोनों ने लोगों का जो गोश्त खाया था वही गोश्त प्याले में है।

## आस्था

# खरमास में करनी चाहिए भगवान सूर्य की पूजा

खरमास में करनी चाहिए भगवान सूर्य की पूजा हालांकि खरमास के दौरान पूजा-पाठ करने में कोई रोक नहीं है. खरमास के दौरान भगवान सूर्य की पूजा-उपासना करना विशेष लाभदायी माना गया है. ज्योतिषियों की मानें तो जो भी खरमास के दौरान भगवान सूर्य की पूजा करता है उसको भगवान से आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है. भगवान सूर्य की पूजा के दौरान उनके इन मंत्रों का जाप करने से भाग्य चमक जाता है. करियर में सफलता प्राप्त होती है. साथ ही बिगड़े काम बन जाते हैं. 14 मार्च से होगी खरमास की शुरुआत अभी फिलहाल भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि देव की राशि कुंभ में गोचर कर रहे हैं. भगावन सूर्य इस महाने 14 मार्च को शनि देव की राशि से नकलेंगे और गुरू बृस्पति की राशि मीन में उनका प्रवेश होगा. 14 मार्च को भगवान सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने पर मीन संक्रांति मनाई जाएगी. साथ ही भगवान सूर्य के मीन में प्रवेश करने के बाद खरमास भी लग जाएगा. ये खरमास 14 अप्रैल को भगवान सूर्य के मीन से मेष राशि में जाने के बाद समाप्त हो जाएगा. खरमास के दौरान रोजा सूर्योदय के समय उठकर स्नान करना चाहिए. फिर तांबे के लोटे में जल लेना चाहिए. जल में हल्दी और गुड़हल के फूल डालने चाहिए और भगवान सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए. इस दौरान ॐ घृणिः सूर्याय नमः मंत्र का जाप करते रहना चाहिए.

## आलेख

डॉ दीपक कोहली

# खतरे में पैंगोलिन

भारत में एक ऐसा दुर्लभ स्तनधारी वन्यजीव जो दिखने में अन्य स्तनधारियों से बिल्कुल अलग व विचित्र आकृति का जिसके शरीर का पृष्ठ भाग खजूर के पेड़ के छिलकों की भाँति कैरोटीन से बने कठोर व मजबूत चौड़े शल्कों से ढका रहता है। दूर से देखने पर यह छोटा डायनासोर जैसा प्रतीत होता है। अचानक इसे देखने पर एक बार कोई भी व्यक्ति अचम्भित व डर जाता है। धुन का पक्का व बेखौफ परन्तु शर्मीले स्वभाव का यह वन्य जीव और कोई नहीं बल्कि भारतीय पैंगोलिन है।

पैंगोलिन या शल्की चींटी खोर कौतुहल पैदा करने वाला प्राणी है। देश में दो तरह के पैंगोलिन पाये जाते हैं-भारतीय और चीनी। चीनी पैंगोलिन पूर्वोत्तर में पाया जाता है। दुनियाभर में पैंगोलिन की सात प्रजातियां पाई जाती हैं। लेकिन वनों में पाये जाने वाले चीनी पैंगोलिन की संख्या के बारे में कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। दक्षिण एशियाई देशों में उनकी बहुत बड़ी मांग है। पैंगोलिन का शरीर लंबा होता है जो पूंछ की ओर पतला होता चला जाता है। दिखने में यह जंतु अजीब सा दिखाई देता है। इसके शरीर पर शल्क होते हैं। ये शल्क सुरक्षा कवच का काम करते हैं। लेकिन थूथन, चेहरे, गले और पैरों के आंतरिक हिस्सों में शल्क नहीं होते।

शल्क को चित्तीदार कांटे के बजाय बाल के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि पुराने पड़ने और झड़ने के साथ ही शल्क के आकार प्रकार घटते बढ़ते रहते हैं। इनका रंग भूरे से लेकर पीला तक होता है। शरीर का शल्कमुक्त भाग सफेद, भूरे और कालापन लिए होता है। पैंगोलिन रात्रिचर प्राणी होते हैं और अक्सर निर्जन स्थानों पर दिखते हैं। हालांकि ये जमीन पर पाये जाने वाले प्राणी हैं लेकिन ये चढ़ने में बड़े माहिर होते हैं। इनके अगले पैर की पेड़ अच्छी पकड़ होती है। पैंगोलिन चींटियों की खोज में दीवारों पर और पेड़ों पर चढ़ते हैं और इसमें पूंछ भी उनका बहुत सहयोग करती है। दिन के समय ये बिलों में छिपे होते हैं। इन बिलों के मुंह भुरभुरी मिट्टी से ढंके होते हैं इनके बिल करीब छह मीटर तक लंबे होते हैं। ये बिल जहां चट्टानी स्थलों पर डेढ़ से पौने दो मीटर तक लंबे होते हैं, वहीं भुरभुरी मिट्टी वाले स्थानों पर यह छह मीटर तक लंबे होते हैं।

पैंगोलिन का पिछला हिस्सा चापाकार होता है और कभी-कभी वे पिछले पैरों पर खड़े हो जाते हैं। पैंगोलिन के दांत नहीं होते। पैंगोलिन अपनी रक्षा के लिए बॉल के आकार में लुढ़कता है। इसकी मांसपेशियां इतनी मजबूत होती हैं कि लिपटे हुए पैंगोलिन को सीधा करना बड़ा कठिन होता है। कोई मजबूत मांसभक्षी ही इनका शिकार कर सकता है। तथाकथित औषधि उद्देश्यों के लिए पैंगोलिन को मार डालने और उसके पर्यावास को नष्ट करने से उसकी संख्या काफी घट गई है।

## संस्मरण


यशवंत कोठारी

# सुशील का जाना

सुशील सिद्धार्थ का इस तरह अचानक हमसे जाना अत्यंत दुखद है। उनसे मेरी मुलाकात ज्यादा लंबी नहीं थी, लेकिन जितना भी समय उनके साथ बीता, वह अनमोल था। दिल्ली में एक किताब घर में उनसे पहली बार मिला था, इससे पहले फेसबुक पर उनकी लेखनी और विचारों से परिचित था। वे बड़े प्रेम से मिले, चाय-पानी पूछा, और लगभग दो घंटे की इस मुलाकात में हम दोनों ने हाशिये के मुद्दों पर चर्चा की, साथ ही चुनिंदा व्यंग्य की किताबें भी मुझे भेंट दीं। उनके साथ बीता हर पल प्रेरणादायक था। उन्होंने किताब घर के मालिक से भी मिलवाया, जो भी उतने ही प्रेमपूर्वक मिले। हालांकि मैं अपनी पाण्डुलिपि नहीं भेज सका, फिर भी उनका साथ हमेशा याद रहेगा। सुशील ने मुझे बाहर तक छोड़ने भी आए, और उस दिन एक स्थानीय प्रकाशक व्यंग्य पर सीरीज छापना चाहते थे, जिसे मैंने सुशील से साझा किया था। उन्होंने बिना किसी झिझक के इसे स्वीकार कर लिया था, मगर नियति को कुछ और ही मंज़ूर था। कुछ महीने बाद फिर हमारी मुलाकात हुई, इस बार कम समय के लिए, लेकिन ज्ञानवर्धक थी। उन्होंने एक छोटे कस्बे के लेखक के रूप में मुझे पूरी इज्जत दी और फेसबुक पर मेरे बारे में लिखा। मुझे उनके उपन्यास का इंतजार था, लेकिन अब वह कभी नहीं आएगा। ज्ञान चतुर्वेदी सम्मान पर भी हमने विचारों का आदान-प्रदान किया था, लेकिन उनकी आस्था और निष्ठा कभी डिगी नहीं। मुझे विश्वास था कि वे लंबी पारी खेलेंगे, लेकिन उनकी उम्र भले ही कम थी, वे थोड़े और अच्छा देकर इस दुनिया से चले गए। कल अनूप शुक्ल से फोन पर लंबी बात हुई, जिसमें गला भर आया। उनके परिवार और घरवालों के लिए यह दुख की सबसे बड़ी चट्टान है। बहुत से लोग सुशील सिद्धार्थ पर लिखेंगे और बेहतर लिखेंगे, लेकिन मैं अपनी तरफ से उन्हें एक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। प्रणाम सुशील।

# मुही अल दीन मुहम्मद बलक़ाब औरंगजेब

अमीर अल मूमिनीन, आलम गीर, ज़िंदा पीर, साहिब-इ-क़िरान, बादशाह ग़ाज़ी, अल सुल्तान अल आजम, ख़्वक़ान अल मुकर्रम, पादिशाह-इ-हिन्दोस्तान, शाहिंशाह-इ-सल्तनात अल हिन्दीया.



मुहिउद्दीन मोहम्मद (3 नवम्बर 1618 -3 मार्च 1707), जिसे आम तौर पर औरंगज़ेब या आलमगीर (मुस्लिम प्रजा द्वारा दिया गया शाही नाम जिसका मतलब है विश्व विजेता) के नाम से जाना जाता था, भारत पर राज करने वाला छठा मुग़ल शासक था। उसका शासन 1658 से लेकर 1707 में उनकी मृत्यु तक चला। औरंगज़ेब ने भारतीय उपमहाद्वीप पर लगभगआधी सदी राज किया। वह अकबर के बाद सबसे अधिक समय तक शासन करने वाला मुग़ल शासक था। औरंगज़ेब के शासन में मुग़ल साम्राज्य अपने विस्तार के शिखर पर पहुँचा। उसने अपने जीवनकाल में दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में प्राप्त विजयों के माध्यम से मुग़ल साम्राज्य को साढ़े बारह लाख वर्ग मील में फैलाया। अपने जीवनकाल में, उसने पुरे दक्षिणी भारत में मुग़ल साम्राज्य का विस्तार करने का भरपूर प्रयास किया पर मराठा के वजह पुरे भारत पर राज नही कर सका और उसके शासन के बाद मुग़ल साम्राज्य का सिकुड़ना आरम्भ हो गया। औरंगजेब को सबसे विवादास्पद मुग़ल शासक माना जाता है क्योंकि उन्होंने गैर-मुसलमानों के प्रति जज़िया कर जैसी भेदभावपूर्ण नीतियां लागू कीं और उनके शासन में बड़ी संख्या में हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया। औरंगज़ेब ने पूरे साम्राज्य पर शरियत आधारित फ़तवा-ए-आलमगीरी लागू किया और सिखों के गुरु तेग बहादुर को भी उनके आदेश के तहत मार दिया गया था। औरंगज़ेब का जन्म 3 नवम्बर 1618 को दाहोद, गुजरात में हुआ था। वो शाहजहाँ और मुमताज़ महल की छठी सन्तान और तीसरा बेटा था। उनके पिता उस समय गुजरात के सूबेदार थे। जून 1626 में जब उनके पिता द्वारा किया गया विद्रोह असफल हो गया तो औरंगज़ेब और उनके भाई दारा शूकोह को उनके दादा जहाँगीर के लाहौर वाले दरबार में नूर जहाँ द्वारा बन्धक बना कर रखा गया। 26 फरवरी 1628 को जब शाहजहाँ को मुग़ल सम्राट घोषित किया गया तब औरंगज़ेब आगरा किले में अपने माता-पिता के साथ रहने के लिए वापस लौटा। यहीं पर औरंगज़ेब ने अरबी और फ़ारसी की औपचारिक शिक्षा प्राप्त की। मुग़ल प्रथाओं के अनुसार, शाहजहाँ ने 1634 में शहज़ादे औरंगज़ेब को दक्कन का सूबेदार नियुक्त किया। औरंगज़ेब खडकी (महाराष्ट्र) को गया जिसका नाम बदलकर उसने औरंगाबाद कर दिया। 1637 में उन्होंने रबिया दुर्रानी से विवाह किया। इधर शाहजहाँ मुग़ल दरबार का कामकाज अपने बेटे दारा शिकोह को सौंपने लगा। 1644 में औरंगज़ेब की बहन एक दुर्घटना में जलकर मर गयी। औरंगज़ेब इस घटना के तीन हफ़्तों बाद आगरा आया जिससे उनके पिता शाहजहाँ को उस पर बहुत क्रोध आया। उसने औरंगज़ेब को दक्कन के सूबेदार के पद से निलम्बित कर दिया। औरंगज़ेब 7 महीनों तक दरबार नहीं आया। बाद में शाहजहाँ ने उसे गुजरात का सूबेदार बना दिया। औरंगज़ेब ने सुचारु रूप से शासन किया और उसे इसका परिणाम भी मिला, उसे बदख़्शान (उत्तरी अफ़ग़ानिस्तान) और बाल्ख़ (अफ़ग़ान-उज़्बेक) क्षेत्र का सूबेदार बना दिया गया। इसके बाद उन्हें मुल्तान और सिन्ध का भी सूबेदार बनाया गया। इस दौरान वे फ़ारस के सफ़वियों से क़ंधार पर नियन्त्रण के लिए लड़ते रहे पर उन्हें पराजय के अलावा और कुछ मिला तो वो था अपने पिता की उपेक्षा। 1652 में उन्हें दक्कन का सूबेदार पुनः बनाया गया। उन्हें गोलकोंडा और बीजापुर के विरुद्ध लड़ाइयाँ की और निर्णायक क्षण पर शाहजहाँ ने सेना वापस बुला ली। इससे औरंगज़ेब को बहुत ठेस पहुँची क्योंकि शाहजहाँ ऐसे उनके भाई दारा शिकोह के कहने पर कर रहे थे। शाहजहाँ 1657 में ऐसे बीमार हुए कि लोगों को उसका अन्त निकट लग रहा था। ऐसे में दारा शिकोह, शाह शुजा और औरंगज़ेब के बीच में सत्ता को पाने का संघर्ष आरम्भ हुआ।

## उपन्यास

डॉ. दुर्गाप्रसाद

# आंखन देखी

कभी-कभी लगने लगता है कि पूरब और पश्चिम में, भारत और अमरीका में कोई फर्क नहीं है. पर दुःख की बात यह कि इस प्रतीति से खुशी नहीं होती. अगर साम्य अच्छी बात को लेकर होता तो खुशी होती. दुर्दशा की समानता खुशी का कारण कैसे हो सकती है? यहां यानि अमरीका के अखबार में सिएटल विश्वविद्यालय की एक छात्रा जूलिया उगार्ते की व्यथा पढ़ी तो मुझे अपना देश याद आ गया. यों, याद तो सदा ही रहता है. वह जो अज्ञेय ने लिखा है न कि हम अपने प्रिय को कभी याद नहीं करते, क्योंकि उसे कभी भूलते ही नहीं हैं. तो, देश याद तो तब आता, जब उसे भूला होता, हां, अपनी नौकरी के दिनों की स्थितियां एकदम से, चलचित्र की भांति आंखों के आगे तैर गईं. इस लड़की जूलिया ने लिखा है कि जिस सिएटल विश्वविद्यालय में वह पढ़ती है वहां 34% स्टाफ अंशकालिक है. इस लड़की ने अमरीकी शिक्षा विभाग की जनवरी 2003 की उस रिपोर्ट का भी हवाला दिया है जिसके अनुसार पूरे देश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 43 प्रतिशत शिक्षक अंशकालिक हैं. जूलिया ने बड़ी व्यथा के साथ लिखा है कि अमरीकी विश्वविद्यालयों में पूर्णकालिक प्रोफेसर की प्रजाति अब विलुप्त होती जा रही है और इसकी जगह लेती जा रही है एक नई प्रजाति, जिसे एडजंक्ट का नाम दिया गया है. इस नई प्रजाति का विवरण पढ़कर मुझे अपने देश की उस जमात की याद आ गई जिसकी अपमानजनक स्थिति को थोड़ा सहलाने के लिये हमने एक सम्मानजनक नाम दे दिया है- गैस्ट फैकल्टी. हमारे यहां, राजस्थान में कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में कई कारणों से पूर्णकालिक शिक्षकों की जगह ऐसे युवा (और बूढ़े भी) लेते जा रहे हैं जिन्हें प्रति कालांश की दर से भुगतान किया जाता है. भुगतान की वर्तमान दर 75 रुपया प्रति कालांश है. स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी कर और नेट/स्लेट की वैतरणी पार कर नौकरी की इंतज़ार में बैठे फालतू युवा भागते भूत की लंगोटी यानि इस 75 रुपया प्रति कालांश की दिहाड़ी से अपना पेट पालने की कोशिश कर रहे हैं. राजस्थान में पिछले तीनेक सालों में निजी कॉलेज खूब खुले हैं. इन कॉलेजों के संचालकों को भी यह व्यवस्था खूब रास आ रही है. स्थाई शिक्षकों को दी जाने वाली तनख्वाह और भत्ते और अन्य कई सुविधाएं न देकर दिहाड़ी पर पढ़वा लेना उनके लिये तो नफे-मुनाफे का एक और सौदा बन गया है.

जो परिश्रमी और ज़रूरतमन्द युवा हैं, खास कर बड़े शहरों में, उन्होंने भी इस विषम स्थिति को अपने अनुकूल ढाल लिया है. ये लोग एक ही दिन में एकाधिक कॉलेजों में पढ़ाकर ठीक-ठाक पैसा कूट लेते हैं. जिस टिप्पणी से मैं यह लिखने को प्रेरित हुआ हूं, उसमें छात्रा जूलिया ने कुछ बड़े सवाल उठाये हैं. वे हमारे लिये भी उतने ही प्रासंगिक हैं. जूलिया ने कहा है कि यद्यपि यह एडजंक्ट प्रोफेसर की व्यवस्था फास्ट फूड और इंस्टेण्ट मैसेज के युग के अनुरूप प्रतीत होती है, पर इससे उच्च शिक्षा के प्रासाद में दरारें पड रही हैं. छात्रा की पीड़ा है कि इस व्यवस्था के तहत काम कर रहे प्रोफेसरगण विद्यार्थियों को चर्चा और विमर्श के लिये उपलब्ध नहीं होते और इससे विश्वविद्यालयों का अकादमिक पर्यावरण नष्ट होता जा रहा है. छात्रा ने और भी कई पीड़ाएं व्यक्त की हैं, पर उनके विस्तार में जाने का यह अवसर नहीं है.

## व्यंग्य

कुबेर

# तोता रटंत

कानूनी शिकंजे में बुरी तरह जकड़ा और मुक्ति हेतु छटपटाता संयोगवश वह ऋषि के आश्रम में पहुँचा। उसका तन ही नहीं मन भी बुरी तरह आहत हो चुका था। उसकी दयनीय हालत देखकर ऋषि का मन करुणा से भर उठा। उसने उसका परिचय पूछा ''वत्स तुम कौन हो?' स्वामी मैं इस देश का महामंत्री हूँ।' उसने अपना परिचय दिया। 'तुम्हारी ऐसी हालत किसने की? 'स्वामी, इस देश की न्याय व्यवस्था हाथ धोकर मेरे पीछे पड़ी हुई है। कानूनी जाल में मैं बुरी तरह फँसा हुआ हूँ। मुझे जेल की सींखचों से बचाइये।' वत्स, तुम चिंता न करो। तुम भ्रष्ट आचरण के बंधन से बंधे हुए हो। यहाँ कुछ दिन रहकर चित्त शुद्ध करो। ज्ञान रूपी प्रकाश से अज्ञान रूपी अँधकार दूर हो जाता है।' वह आश्रम में रहकर अपना चित्त शुद्ध करने लगा। ऋषि उसे रोज उपदेश देता भ्रष्ट लोग आते हैं। धन का लालच देते हैं। भ्रष्टाचार का जाल फैलाते हैं। लालच में आकर भ्रष्टाचार के जाल में नहीं फँसना चाहिये।' ऋषि का उपदेश उसने कुछ ही दिनों में कंठस्थ कर लिया। उसके इस कौशल पर ऋषि बहुत प्रसन्न हुआ। उसने सोचा कि इसका हृदय अब परिवर्तित हो चुका है; इसे इसके साथियों के पास भेज देना चाहिये।


उसने उसे बुलाकर अंतिम उपदेश दिया 'वत्स, अब तुम अवगुण मुक्त हो चुके हो। अपने साथियों के पास राजधानी जाओ। अपने आप को कानून के हवाले करो। कानून जो भी सजा दे उसे स्वीकार करो क्योंकि अपराधी को सजा देने का अधिकार केवल राजा को होता है। अपने साथियों को भी यह मंत्र सिखाओ और अपने पापों का प्रायश्चित करो।' ऋषि को आत्मिक प्रसन्नता हुई कि उसने इस देश के मंत्रियों का आचरण शुद्ध करके इस देश को भ्रष्टाचार के दलदल में डूबने से बचा लिया है।कुछ दिनों बाद उसे अपने उपदेशों का सुपरिणाम जानने की इच्छा हुई। वह राजधानी गया। राजधानी की हालत देखकर उसे घोर निराशा हुई। उसकी प्रसन्नता जाती रही।



# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं


दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्पररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स


डॉ. आकांक्षा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D


डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC


डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,


डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D


डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# गलत सरकारी नीतियों के कारण हर साल लाखों किसान आत्महत्या; कांग्रेस आक्रामक

**चंद्रपुर.**



आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, कृषि प्रधान भारत में केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण हर साल लाखों किसान आत्महत्या कर रहे हैं.

कृषि उपज की कीमत में कमी, कृषि आदानों, उर्वरकों, कीटनाशकों पर अनावश्यक जीएसटी, अतिदेय ऋण किश्तें, सूखा पीड़ितों को अल्प सहायता, किसानों के आंदोलन की उपेक्षा और हर जगह बढ़ती गुंडागर्दी के कारण लोग पीड़ित हैं। आर्थिक संकट गहराता जा रहा है. जिला कांग्रेस की ओर से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किये गये वादे को पूरा करने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया.

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रियदर्शन स्थित इंदिरा गांधी चौक पर धरना आंदोलन किया गया. केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण दुनिया का अन्नदाता किसान व किसानी अकारण तंग आ रही है। इसलिए कृषि प्रधान भारत की रीढ़ किसानों को न्याय दिलाने और सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों को तुरंत पूरा करने के लिए किसानों के मुद्दे पर किसान सम्मान धरण आंदोलन शुरू किया गया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुभाष धोटे ने केंद्र व राज्य सरकार की जमकर आलोचना की. जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर हमला बोला। सरकार के विरुद्ध और किसानों तथा गरीबों को न्याय दिलाने के लिए घोषणाएँ की गईं। लड़ाकी वाहिनी संजय गांधी ने आधारहीन योजना से मापदंड तय कर सब्सिडी बंद कर दी, देश व प्रदेश में बढ़ती गुंडागर्दी, अराजकता, महापुरुषों का अपमान, महिलाओं की सुरक्षा खतरे में, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में है।

इसलिए किसानों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सदैव किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और यदि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए तो कड़ा आंदोलन कर किसानों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी, ऐसा विचार कांग्रेस जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुभाष धोटे ने व्यक्त किया. इंस्पेक्टर मुजीब पठान, शहर अध्यक्ष रितेश तिवारी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनंदा धोबे, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभासिह गौड़, विनोद दत्तात्रेय, चंदा वैरागड़े, जिला बैंक अध्यक्ष संतोष सिंह रावत, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शांतनु धोटे, शहर जिला अध्यक्ष राजेश आदुर, दिनेश चोखरे, संतोष लाहमगे, सुनीता लोधिया, घनश्याम मूलचंदानी, अरुण धोटे, विजय बावने, भालचंद्र दानव, तालुक अध्यक्ष अनिल नरुले, नितिन गोहाणे, उत्तमराव पेचे, रंजन लांडे, मिलिंद भोयर, विलास टिपले, प्रो. अनिल शिंदे, राजू रेड्डी, इजाज अहमद, घनश्याम येनुर्कर, राकेश रत्नावर, कुणाल चाहरे, सुल्तान अशरफ अली, प्रशांत दानव, अनु देहेगांवकर सहित महिला तालुका अध्यक्ष, चंद्रपुर जिला कांग्रेस, जिला शहर कांग्रेस और सभी फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बैंक घोटाला मामले में बुरे फंसे पूर्व अध्यक्ष और सीईओ

> 2 करोड़ 93 लाख रुपए वसूलने का आदेश

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में वर्ष 2016 से 2019 के बीच हुए घोटाले की जांच पूरी हो गई है और अब तत्कालीन अध्यक्ष और सीईओ से 2.93 करोड़ रुपए की वसूली के संबंध में रिपोर्ट पेश की गई है। इस खबर की चर्चा सहकारिता क्षेत्र में हो रही है।

सूत्रों के अनुसार सरकार ने सुरक्षा गार्ड प्रदान करने, बैंक के स्वयं के और किराए के भवनों की मरम्मत, निर्माण लेनदेन और 2016 से 2019 के बीच 20 स्वर्ण शुद्धता परीक्षण मशीनों की खरीद के अनुबंध में अनियमितताओं के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करने के लिए जांच शुरू की थी। इस जांच की रिपोर्ट प्राधिकृत अधिकारी प्रशांत धोटे ने शुक्रवार को बैंक के निदेशकों की एक विशेष बैठक बुलाकर पेश की। इसमें बैंक के पूर्व अध्यक्ष मनोहर पाऊणकर, पूर्व सीईओ सुधाकर अर्जुनकर, चित्तरंजन नाइक, शांताराम बारबटकर, मारोती पोटे, सिद्धार्थ दुबे और श्याम चिलमुलवार को दोषी ठहराया गया है। सभी से 2 करोड़ 93 लाख 40 हजार 356 रुपए की वसूली का आदेश दिया गया है।

**पाऊणकर की मुश्किलें बढ़ीं**

मनोहर पाऊणकर 2016 से 2019 तक सीडीसीसी बैंक के अध्यक्ष थे, उनके कार्यकाल में हुए तमाम कार्यों में करोड़ों रुपए के गबन की शिकायतें की गई। पाऊणकर ने बैंक में सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने का ठेका अपने एक करीबी परिचित 'मेस रक्षक सिक्योरिटी सर्विसेज' को दिया था। इसके अलावा बैंक के स्वामित्व वाले और किराए के भवनों की कुछ मरम्मत भी की गई।

सिंदेवाही में नए भवन का निर्माण, गोंडपिपरी शाखा में फार्म शौचालय का निर्माण, नेरी शाखा में सुरक्षा दीवार का निर्माण, चंदनखेड़ा शाखा में भवन निर्माण और विद्युत कार्य, चिमूर शाखा में भवन मरम्मत और अतिरिक्त कार्य, शेगाव शाखा में शौचालय का निर्माण, माढेली शाखा में भवन निर्माण और नए भवन का निर्माण संदिग्ध रहा।

## नये भारत के नये कानून-भारतीय न्यायिक संहिता 2023" विषय पर मल्टीमीडिया फोटो प्रदर्शनी आज से

> मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनायक जोशी द्वारा उद्घाटन...

**गढ़चिरोली,**



केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, वर्धा, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, गढ़चिरौली, जिला प्रशासन, गढ़चिरौली, जिला परिषद, गढ़चिरौली, जिला पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली, जिला सूचना कार्यालय, गढ़चिरौली के सहयोग से जिला और सत्र न्यायालय, गढ़चिरौली में 4 मार्च 2025 से 5 मार्च 2025 तक "नए भारत के नए कानून-भारतीय न्याय संहिता 2023" विषय पर दो दिवसीय मल्टीमीडिया फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन 4 मार्च 2025 को प्रातः 10.30 बजे मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनायक जोशी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अविश्यंत पांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहास गाडे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश आर.आर. पाटिल, केंद्रीय संचार ब्यूरो, वर्धा क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी हंसराज राउत उपस्थित रहेंगे।

"नए भारत के नए कानून - भारतीय न्यायिक संहिता 2023" विषय पर प्रदर्शनी 4 मार्च, 2025 से 5 मार्च, 2025 तक दो दिनों तक चलेगी और नागरिकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। प्रदर्शनी में भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2024 से लागू किये जाने वाले नये कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। नागरिकों और विद्यार्थियों से आग्रह है कि वे प्रदर्शनी देखने आएं और इसका लाभ उठाएं।

# गोंडवाना विश्वविद्यालय में होगा राज्य स्तरीय युवा साहित्य सम्मेलन

**गढ़चिरोली:** गोंडवाना विश्वविद्यालय एवं विदर्भ साहित्य संघ, गडचिरोली शाखा के संयुक्त तत्वावधान में 5 एवं 6 मार्च 2025 को गोंडवाना विश्वविद्यालय के नए सभागृह में राज्य स्तरीय युवा साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में महाराष्ट्र भर से युवा लेखक भाग लेंगे, जिसमें सेमिनार, कवि सम्मेलन, नाट्य प्रदर्शन, कविता, ग़ज़ल मुशायरा और संगीत कार्यक्रम शामिल होंगे।

**सम्मेलन का उद्घाटन एवं पुस्तक विमोचन**

युवा साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन 5 मार्च को सुबह 10.30 बजे गोंडवाना विश्वविद्यालय के नवीन सभागार में होगा। इससे पहले गढ़चिरौली शहर में ग्रंथ दिंडी का आयोजन किया जा चुका है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जाने-माने





युवा अभिनेता हर्षल पाटिल और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अनिकेत प्रकाश आमटे उपस्थित रहेंगे।

सम्मेलन का स्वागत भाषण गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. स्वागत समारोह के सह-अध्यक्ष प्रशांत बोकारे, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. श्रीराम कावले इस सम्मेलन के अध्यक्ष होंगे, जबकि सुप्रसिद्ध युवा लेखक अक्षय चंदेल सम्मेलन की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालेंगे। उद्घाटन के अवसर पर विदर्भ साहित्य संघ के अध्यक्ष प्रदीप दाते, महासचिव विलास मानेकर और गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. उपस्थित थे। अनिल हिरेखन उपस्थित रहेंगे।

**संगोष्ठी, काव्य गोष्ठी एवं नाट्य प्रयोग**

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान विभिन्न सेमिनार, परिसंवाद, कवि सम्मेलन, नाट्य प्रस्तुति, काव्य एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इसमें 'आधुनिक प्रौद्योगिकी और मराठी भाषा एवं साहित्य सम्मेलन' तथा 'वर्तमान का अवलोकन' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संगोष्ठियां होंगी। 'क्या आप पढ़ना चाहते हैं?' क्या? कैसे?' संगोष्ठी की अध्यक्षता अमृत बंग करेंगे।

दोपहर में आमंत्रितों के लिए कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मुंबई के कवि जितेन्द्र लाड करेंगे। शाम 7 बजे जलगांव द्वारा निर्मित एकल नाट्य प्रयोग 'नाली' प्रस्तुत किया जाएगा, जो पूरे महाराष्ट्र में लोकप्रिय है।

**गजल मुशायरा एवं समापन समारोह 6 मार्च को**

6 मार्च को विभिन्न सेमिनार, छात्र कविता गोष्ठी और ग़ज़ल मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का समापन 6 मार्च को शाम 4:30 बजे होगा और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखक देवीदास सौदागर समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन का समापन प्रसिद्ध सरोद वादक विजया कांबले की प्रस्तुति के साथ होगा।

यह सम्मेलन गोंडवाना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शैक्षणिक मराठी विभाग, विद्यार्थी विकास विभाग और विदर्भ साहित्य संघ, गढ़चिरौली शाखा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। गोंडवाना विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल हिरेखन ने सभी साहित्य प्रेमियों से इस सम्मेलन का लाभ उठाने की अपील की है।

# एक युवती को अमानवीय मारपीट कर प्रताड़ित करने का प्रयास?

**गढ़चिरोली.** राज्य में जहां महिला सुरक्षा का मुद्दा जोरों पर है, वहीं गढ़चिरौली जिले के चामोर्शी तालुका के एक गांव में चौंकाने वाला मामला सामने आया है. शौच करने गई एक युवती को बेरहमी से पीटकर उसके साथ ज्यादती करने का प्रयास किया गया। युवती बेहोशी की हालत में मिली। उसकी आंख के नीचे काला घाव और हाथ में चोट है। उसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और आगे के इलाज के लिए नागपुर स्थानांतरित कर दिया गया। यह चौंकाने वाली घटना 2 मार्च की रात को तालुका के शिवानी गांव में सामने आई।




पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि घायल युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, चामोर्शी मार्ग पर वाकदीन के पास शिविनी गांव की शारीरिक रूप से कमजोर 23 वर्षीय लड़की 2 मार्च को शाम 6 बजे गांव के पास खुले में शौच करने गई थी। एक घंटे बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन की तो वह शौच वाले स्थान से 20 मीटर दूर बेहोशी की हालत में मिली. उसका हाथ जख्मी हो गया. इसके अलावा पत्थर या ईंट से पीटने से आंख के नीचे अल्सर हो गया था. इस बीच ग्रामीणों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने पहले उसका इलाज किया और आगे के इलाज के लिए उसे नागपुर के सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़चिरौली थाने के पी.एन. रेवचंद सिंगनजुड़े जिला अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि चूंकि घायल लड़की का इलाज चल रहा है, इसलिए बयान दर्ज करने में देरी हो रही है और उसके बाद ही मामलों की सच्चाई सामने आएगी. इस घटना के बाद गढ़चिरौली पुलिस ने तेजी से जांच शुरू कर दी है. युवती पर हमला करने वाले एक या अधिक आरोपियों के बारे में जानकारी हासिल करने का काम चल रहा है। संदिग्धों से गहन पूछताछ की जा रही है. पुलिस को शक है कि हमलावर गांव के ही हैं और जांच तेज कर दी है.

लड़की पर हमला करने वाले की तलाश जारी है. उसके बयान के बाद यह साफ हो जाएगा कि उसे प्रताड़ित करने की कोशिश की गई थी या नहीं. फिलहाल इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और हर हाल में आरोपियों को जल्द ही जेल भेजा जाएगा।
- नीलोत्पल, पुलिस अधीक्षक






# कोयला खनन बंद करने का आदेश!

> नियमों को ताक पर रखकर शुरू हो जाती है खुदाई

**भद्रावती.**



कर्नाटक पावर कंपनी ने नियमों को ताक पर रखकर बरांज मोकासा में कोयला खनन शुरू कर दिया था. इस बीच, शुक्रवार (28) को वन विभाग द्वारा खुदाई बंद करने के आदेश के बाद कंपनी प्रशासन आक्रोशित हो गया है.

बरंज मोकासा में कर्नाटक पावर कंपनी को वन विभाग से 84.41 हेक्टेयर जमीन मिली थी। यह जमीन देते समय वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत कुछ नियम व शर्तें लागू की गई थीं। हालांकि, कंपनी ने नियमों को दरकिनार कर अवैध कोयला खनन शुरू कर दिया. सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दूधे ने इसकी शिकायत वन विभाग से की. मुख्य वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय और भद्रावती वन विभाग ने संज्ञान लिया. इसके बाद मोका पंचनामा कर रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई।

**उत्खनन के दौरान वन विभाग के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन**

जबकि केपीसीएल बारंज मोकासा और चेक बारंज गांवों के पुनर्वास तक 84.41 हेक्टेयर वन भूमि कंपनी को दे रही है। नियम कहता है कि तब तक जमीन पर निस्तार के स्थान से छेड़छाड़ नहीं की जायेगी. लेकिन केपीसीएल कंपनी ने नियम व शर्तों का उल्लंघन कर इस क्षेत्र में कोयला खनन जारी रखा है. आखिरकार वरिष्ठों के संज्ञान में आने के बाद वन विभाग ने उत्खनन कार्य रोकने का आदेश जारी कर दिया है.

**75 लाख मीट्रिक टन अवैध कोयला खनन**

इस संबंध में 15 मार्च 2024 को वन परिक्षेत्र अधिकारी एचपी शेंडे से शिकायत दर्ज कराई गई थी. हालांकि वन विभाग की सूचना के बावजूद उत्खनन जारी रहा.

**कंपनी की मनमानी**

वन विभाग द्वारा जांच के बाद पाया गया कि निस्तार अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। फिर कंपनी प्रबंधन को नियम व शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए गए। हालांकि, वन विभाग ने बिना कोई कार्रवाई किए कंपनी पर आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है.

# सनम तेरी कसम 2 में काम करना चाहती हैं मावरा ?

हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' इन दिनों जमकर चर्चाओं में बनी फिल्म है। वैसे तो यह फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म ने रिलीज होते ही जमकर तारीफें तो बटोरीं, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन नहीं कर पाई थी। वहीं फिल्म रिलीज के 9 साल बाद फिर से री-रिलीज हुई है और री रिलीज के दौरान फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। फिल्म देखने के बाद लोगों ने जोड़ी की जमकर तारीफ की।





वहीं इस फिल्म से मिल रहे प्यार को देख बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन ने फैन्स का आभार व्यक्त किया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टा हैंडल पर सनम तेरी कसम की कुछ झलकियां अपने इंस्टा हैंडल पर शेयर की हैं। फिल्म की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए मावरा होकेन ने अपने इंस्टा हैंडल पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया है। जिसमें वह लिखती हैं- 'सनम तेरी कसम के दोबारा रिलीज होने पर जो आंकड़े सामने आए हैं उसे देखकर मैं बेहोश नहीं हो रही हूं। माशाअल्लाह कमाल हो गया।'

'सनम तेरी कसम का दोबारा रिलीज होना इस बात को साबित कर देता है कि वक्त से पहले और नसीब से ज्यादा कुछ नहीं मिलता। पिछले तीन हफ्तों से जो आप इतना प्यार दे रहे हैं मैं उसकी आभारी हूं। यह अनसुना है, लेकिन वह कहते हैं कि हमने इतिहास बना दिया है।' मावरा आगे कहती हैं कि- 'मैं मेरे निर्माता दीपिक मुकुट जी के लिए बहुत ही खुश हूं। जब असफलता हुई तब भी वह मुस्कुराते रहे और इसे ऐसे स्वीकार किया था जैसे कि कुछ नहीं हुआ। यह आपके धैर्य का रिजल्ट है। आपको और कृष्ण जी को बधाई।'

मावरा आगे कहती हैं कि 'फिल्म के अन्य कलाकारों और क्रू को भी बधाई साथ ही विनय सर और राधिका मैम को दोनों ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं पप्पू सर और मल्लू मैम के डांस स्टेप्स की भी दीवानी हूं। अंत में यही कहना चाहूंगी कि हर्ष आप बहुत ही भाग्यशाली हैं जो आप इन सभी लोगों के बीच हैं। आशा करती हूं कि आप मेरी ओर से भी इसका क्रेडिट लेंगे।' आपको बता दें कि मावरा के इस पोस्ट पर फैन्स और स्टार्स के जमकर कमेंट्स देखने को मिल रहे हैं फिल्म के निर्माता ने भी मावरा की तारीफ की और उनका धन्यवाद किया।

# 'मेरा नाम जोकर' को बनने में लगे थे छह साल?





राज कपूर को यूं ही हिंदी सिनेमा का शो मैन नहीं कहा जाता है। जब वह कैमरे के सामने अभिनय करते थे तो अपने किरदार में पूरी तरह से डूब जाते थे। ऐसे ही जब वह निर्देशक की कुर्सी पर बैठे होते थे तो जब तक उन्हें एक परफेक्ट शॉट नहीं मिलता था, तब तक न तो वह खुद सेट से जाते और न ही एक्टर का पैकअप होने देते थे। अपनी ऑडियंस को एक से बढ़कर एक फिल्में और गाने देने वाले राज कपूर की आज सबसे यादगार फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर है'।


आज के समय में इंडियन सिनेमा की क्लासिक कल्ट फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' साल 1970 की सबसे बड़ी फ्लॉप में शुमार थी। इस फिल्म को बनाने में एक या दो नहीं, बल्कि पूरे छह साल लगे थे। ये राज कपूर का ड्रीम प्रोजेक्ट था। क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने में इतना समय क्यों लगा था। इस फिल्म के पीछे राज कपूर ने क्या कुछ नहीं खोया। बड़ी स्टारकास्ट वाली ये फिल्म उस दौर में क्यों सबसे बड़ी फ्लॉप बनी, चलिए जानते हैं इसकी सही वजह।

मेरा नाम जोकर एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। जिसकी कहानी से लेकर निर्देशन तक का काम राज कपूर ने आरके बैनर तले किया था।

उन्होंने मूवी में 'राजू' का किरदार निभाया था। ऋषि कपूर ने राज कपूर के बचपन का किरदार अदा किया था। उसके अलावा इस फिल्म में मनोज कुमार, धर्मेंद्र, पद्मिनी, सिमी ग्रेवाल, केसेनिया रयाबिनकिना, दारा सिंह, ओम प्रकाश, राजेन्द्र नाथ, अचला सचदेव जैसे बड़े सितारे नजर आए थे।

ये फिल्म राज कपूर का ड्रीम प्रोजेक्ट था। 'मेरा नाम जोकर' को बनाते समय जब काफी समय लग रहा था, तो आसपास मौजूद कई लोगों ने दिग्गज अभिनेता को सलाह भी दी, लेकिन उन्होंने किसी की एक नहीं सुनी। राज कपूर ने इस फिल्म को बनाने के लिए अपने घर से लेकर अपनी कई प्रॉपर्टी गिरवी रख दी थी। नतीजन जब ये फिल्म रिलीज हुई तो बुरी तरह से पिट गई और राज कपूर बहुत ज्यादा कर्जे में डूब गए।

# 'बिहार ही हमरा परिवार,' में हुमा क्यूरेशी की वापसी



बिहार की राजनीति पर लंबे अरसे से सिनेमा फिल्में और वेब सीरीज बनाता आ रहा है। लेकिन जिस तरह से एक्ट्रेस हुमा कुरैशी की वेब सीरीज महारानी ने बिहार की सियासत के दंगल को ओटीटी पर दर्शाया है, वह काफी लोकप्रिय हुआ। अब रानी भारती के किरदार में एक बार फिर से हुमा वापसी करने के लिए तैयार हैं।


क्योंकि मेकर्स की तरफ से महारानी सीजन 4 का लेटेस्ट टीजर रिलीज कर दिया गया है। आइए एक नजर इस सीरीज के इस टीजर वीडियो पर डालते हैं। महारानी वेब सीरीज का फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिला है। यही कारण है, जो इसके पिछले तीन सीजन सफल साबित हुए हैं। सीजन 4 को लेकर मेकर्स पहले ही अनाउंसमेंट कर चुके थे और महारानी 4 का लेटेस्ट टीजर रिलीज कर दिया गया है। जिसमें रानी भारती के किरदार में हुमा कुरैशी की झलक देखने को मिल रही है।

50 सेकंड के इस टीजर को फेमस ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव से ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। जिसमें हुमा कुरैशी बिहार को अपना परिवार बताती हुईं नजर आ रही हैं। बिहार की पॉलिटिक्स में किस तरह से रानी भारती ने अपना वर्चस्व बनाया है और अब इसे आगे बढ़ाने के लिए उनको किन-किन चुनौतियों को सामना करना पड़ेगा उसकी कहानी चौथे सीजन में देखने को मिलेगी।


महारानी वेब सीरीज के चौथे सीजन के लेटेस्ट टीजर को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट काफी हाई हो गई है और वह इसकी रिलीज के लिए बेताब नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए महारानी 4 की रिलीज डेट की तरफ तो अभी मेकर्स की तरफ से इसकी घोषणा नहीं की गई है। लेकिन ये माना जा रहा है कि अगले महीने में सोनी लिव ओटीटी प्लेटफॉर्म पर महारानी सीजन 4 को ऑनलाइन स्ट्रीम किया जा सकता है। जल्द ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठ जाएगा।

# 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आएंगे इंडस्ट्री के मशहूर चेहरे

सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस' के खत्म होते ही कलर्स टीवी की टीम तुरंत रोहित शेट्टी के एडवेंचर रियलिटी शो "खतरों के खिलाड़ी" की तैयारियों में जुट जाती है. रोहित शेट्टी के एडवेंचर रियलिटी शो के इस सीजन में शामिल होने वालों की चयन प्रक्रिया अब शुरू हो चुकी है. भले ही इस साल रोहित शेट्टी के शो में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के कन्फर्म नामों की घोषणा अब तक मेकर्स की तरफ से न की गई हो, लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि इस साल 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन में कौन-से सितारे शामिल होने वाले हैं.







'खतरों के खिलाड़ी 15' में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट में 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2□ के विजेता एल्विश यादव का नाम सबसे ज़्यादा चर्चा में है. उनका बेबाक एटीट्यूड उन्हें इस शो के लिए एक सही कंटेस्टेंट बनाता है. एल्विश के साथ बिग बॉस 16' की एक्स कंटेस्टेंट और 'इंडियन शकीरा' के नाम से मशहूर डांसर गोरी नागोरी भी रोहित शेट्टी के शो का हिस्सा बन सकती हैं. अपने जोशीले अंदाज और एनर्जी से गोरी 'खतरों के खिलाड़ी' में एंटरटेनमेंट का तड़का लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं.

सिर्फ एल्विश यादव और गोरी नागौरी ही नहीं, बल्कि टीवी इंडस्ट्री के कई सितारों को 'खतरों के खिलाड़ी' में शामिल होने के लिए मेकर्स ने संपर्क किया है. इन सेलिब्रिटीज में बिग बॉस फेम अविनाश मिश्रा, दिग्विजय सिंह राठी, ईशा सिंह और चुम दरांग का नाम भी शामिल है. ये चारों सलमान खान के 'बिग बॉस 18' का हिस्सा थे. इन रियलिटी शो के एक्स-कंटेस्टेंट के अलावा सिद्धार्थ निगम, बशीर अली, गुल्की जोशी, भाविका शर्मा जैसे टीवी कलाकार भी इस साल रोहित शेट्टी के शो का हिस्सा बन सकते हैं.

हर साल की तरह इस साल भी 'खतरों के खिलाड़ी' की शूटिंग इंडिया से बाहर होने वाली है. वाइल्ड एनिमल्स के साथ स्टंट हमेशा से 'खतरों के खिलाड़ी' की यूएसपी रही है. लेकिन इंडिया में जंगली जानवरों के साथ इस तरह के स्टंट करने की अनुमति नहीं दी जाती और इसलिए अक्सर मेकर्स इंडिया के बाहर के लोकेशन पर 'खतरों के खिलाड़ी' की शूटिंग करना पसंद करते हैं, ताकि बड़ी आसानी से वो जानवरों के साथ स्टंट परफॉर्म कर पाए. शो के जज और खुद एक्शन डायरेक्टर रह चुके रोहित शेट्टी हर साल 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए नए और यूनिक स्टंट्स को डिजाइन करने की कोशिश करते हैं.

# शक्ति कपूर ने बेचा अपना पुराना आशियाना

बॉलीवुड के सबसे एक्सपीरियंस्ड एक्टर में से एक शक्ति कपूर भले ही अब फिल्में नहीं करते हैं लेकिन एक वक्त ऐसा था जब वे हर तीसरी फिल्म का हिस्सा होते थे. कभी वे कॉमिक रोल्स में नजर आते थे तो कभी वे नेगेटिव रोल्स प्ले कर माहौल बना देते थे. एक्टर अब फिल्मों में कम ही नजर आते हैं. एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ में बिजी हैं और अब उन्होंने एक बड़ा फैसला भी लिया है. उन्होंने अपना मुंबई में जुहू स्थित अपार्टमेंट बेच दिया है. इसके लेकर डिटेल्स सामने आई हैं. जुहू मुंबई के पॉश इलाकों में से एक है. जुहू अपनी प्राइम लोकेशन, बीच और सिने हब की वजह से हमेशा हाइलाइट रहता है और मुंबई की एक्सपेंसिव जगहों में से एक है. जुहू के सिल्वर बीच हेवेन को-ऑपरेटिव सोसाइटी में शक्ति कपूर का अपार्टमेंट हुआ करता था. एक्टर ने अब अपना ये अपार्टमेंट बेच दिया है. उन्हें इसे 6.11 करोड़ रुपये में बेचा है. उनका ये अपार्टमेंट 81.84 स्क्वायर मीटर में फैला हुआ है. रिपोर्ट्स की मानें तो इसकी प्रक्रिया शक्ति कपूर ने दिसंबर 2024 में शुरू कर दी थी. अपार्टमेंट के रजिस्ट्रेशन के लिए एक्टर ने 30 हजार रुपए दिए हैं. वहीं स्टैम्प ड्यूटी के 36.66 लाख रुपये लगे हैं. रिपोर्ट की मानें तो श्रद्धा और शक्ति ने मिलकर कुछ समय पहले ही जुहू में एक नया अपार्टमेंट लिया था. उनका ये अपार्टमेंट मुंबई के जुहू स्थित हाईक्लास पीरामल महालक्ष्मी साउथ टावर में था. ये भी जुहू की प्राइम लॉकेशन है. ये जगह कॉम्प्लेक्स रेसकोर्स और अरेबियन सी के अमेजिंग व्यू के लिए फेमस है. मौजूदा समय में लग्जरी अपार्टमेंट्स खरीदने वालों के लिए ये बिल्डिंग पहली पसंद बन गई है.



# सोनू सूद ने एड्रियन ब्रॉडी को दी बधाई



लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में आयोजित हुए 97वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में विजेताओं की घोषणा हुई। इसमें एड्रियन ब्रॉडी ने अपनी फिल्म 'द ब्रूटलिस्ट' के लिए बेस्ट अभिनेता का पुरस्कार जीता। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने एड्रियन को बधाई दी है।

अभिनेता सोनू सूद ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह हॉलीवुड अभिनेता एड्रियन ब्रॉडी के साथ दिख रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए अभनेता कैप्शन में लिखते हैं, मेरे भाई एड्रियन ब्रॉडी को दूसरे ऑस्कर के लिए बधाई। अभी कई और ऑस्कर आने बाकी है।हॉलीवुड अभिनेता एड्रियन ब्रॉडी ने पहली बार ऑस्कर साल 2003 में जीता था। ब्रॉडी को 'द पियानिस्ट' फिल्म के लिए बेस्ट अभिनेता का खिताब मिला था। इस खिताब को जीते 22 साल हो चुके हैं। अब 2025 में उन्होंने फिर से एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब जीता है, जो उन्हें 'द ब्रूटलिस्ट' फिल्म के लिए दिया गया है। इसी को लेकर सोनू सूद ने उन्हें दूसरे ऑस्कर जीतने की बधाई दी है। एड्रियन ब्रॉडी और हैली बेरी ने रेड कार्पेट पर 2003 के ऑस्कर किस को फिर से रिक्रिएट किया। 2003 के ऑस्कर में ब्रॉडी ने 'द पियानिस्ट' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता था। दोबारा ऑस्कर पुरस्कार जीतने के बाद ब्रॉडी ने बेरी को किस किया, जिसने बेरी और दर्शकों को चौंका दिया। आज उन्होंने इस मोमेंट को फिर से रिक्रिएट किया। यह पल कैमरे में कैद हुआ और तुरंत ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# बेटी के सपने को सच करने में जुटे अभिषेक बच्चन

नवंबर 2024 में अभिषेक बच्चन 'आई वॉन्ट टू टॉक' के नाम से एक फिल्म लेकर आए थे, जिसे शूजीत सरकार ने डायरेक्ट किया था. फिल्म की कहानी लोगों को काफी पसंद आई थी. फिल्म को काफी सराहा गया था. अब वो एक और खूबसूरत फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका टाइटल है 'बी हैप्पी'. इसमें एक पिता और बेटी की कहानी दिखाई जाने वाली है. एक ऐसी कहानी, जहां पर पिता अपनी बेटी के लिए कुछ भी करने को तैयार रहता है.



मेकर्स ने 3 फरवरी को इस फिल्म का ट्रेलर जारी किया है. अभिषेक के साथ ट्रेलर में चाइल्ड आर्टिस्ट इनायत वर्मा नजर आ रही हैं. इनायत उनकी बेटी का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम धरा है. अभिषेक का एक छोटा सा परिवार है. फैमिली में उनकी बेटी और उनके पिता हैं. पहले तो अभिषेक उखड़े-उखड़े रहते हैं, लेकिन फिर वो अपनी बेटी का सपना पूरा करते नजर आते हैं.

ये एक डांस बेस्ड फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मशहूर कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने किया है. अब जब रेमो ने फिल्म बनाई है तो उसमें डांस का होना तो जरूरी है. धरा के कैरेक्टर के बारे में दिखाया गया है कि उसे डांसर बनना है. अभिषेक अपनी बेटी के इस सपने को पूरा करने के लिए तमाम कोशिश करते नजर आते हैं, चाहे एक शहर से दूसरे शहर शिफ्ट होना हो या फिर खुद डांस सीखना.

इस फिल्म में नोरा फतेही भी हैं. अभिषेक के साथ कहानी में उनका लव एंगल दिखाया जाएगा. फिल्म का ट्रेलर तो अच्छा है. इसे देखकर लग रहा है कि अभिषेक एक बार फिर से खूबसूरत फिल्म लेकर आ रहे हैं. बस कुछ ही दिनों में ये फिल्म रिलीज होने वाली है. रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. ये फिल्म 14 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी.

## खेल-खिलाड़ी

# शमा मोहम्मद की रोहित शर्मा पर भद्दी टिप्पणी से विवाद





**नई दिल्ली.** कांग्रेस पार्टी की नेता डॉक्टर शमा मोहम्मद ने हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर भद्दी टिप्पणी की है. इस मुद्दे पर अब उनकी जमकर आलोचना की जा रही है. बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी इस मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है. रोहित शर्मा को मोटा कहने पर भड़क गई बीसीसीआई, कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद को दिया करारा जवाब

चैंपियंस ट्राफी 2025 के बीच कांग्रेस पार्टी की नेता डॉक्टर शमा मोहम्मद ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को लेकर एक विवादित पोस्ट किया है. हाल ही में कांग्रेस प्रवक्ता डॉ शमा मोहम्मद ने रोहित को मोटा बताते हुए भारतीय इतिहास का सबसे अनइम्प्रेसिव कप्तान भी बता दिया था. ऐसे में विवाद को बढ़ता देखकर कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में दखल देते हुए सफाई दी और अपनी पार्टी की नेता को सोशल मीडिया से अपना पोस्ट हटाने का भी निर्देश दिया. इसी बीच बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी इस मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है.देवजीत सैकिया ने कांग्रेस नेता को दिया करारा जवाब

शमा मोहम्मद ने ये पोस्ट एक ऐसे समय पर किया है जब भारतीय टीम एक बड़ा मुकाबला खेलने वाली है. ऐसे में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस बयान की कड़ी निंदा की है. बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, ' एक जिम्मेदार व्यक्ति के लिए ऐसी तुच्छ टिप्पणी करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, टीम एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के बीच में है. इसका टीम और खिलाड़ियों पर गलत प्रभाव पड़ सकता है, अनुरोध है कि ऐसी टिप्पणियां न करें.'

बता दें, कांग्रेस की प्रवक्ता और पेशे से डेन्टिस्ट डॉ. शमा मोहम्मद ने अपने एक्स अकाउंट पर रोहित को टैग करते हुए एक पोस्ट किया था और लिखा था, 'एक खिलाड़ी के तौर पर रोहित शर्मा मोटे हैं. उन्हें वजन कम करने की जरूरत है. और निश्चित रूप से भारत के सबसे निष्प्रभावी (अनइम्प्रेसिव) कप्तान भी.' हालांकि अब उन्होंने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया है.

शमा मोहम्मद ने भी दी सफाईशमा मोहम्मद ने भी अपने बयान पर सफाई दी है. शमा मोहम्मद ने सफाई देते हुए कहा है कि मैंने किसी का अपमान करने के लिए ट्वीट नहीं किया था. शमा मोहम्मद ने कहा, 'मेरे ट्वीट का उद्देश्य किसी को अपमानित करने का नहीं था. ट्वीट के जरिए मैंने कहा कि एक खिलाड़ी होने के नाते रोहित का वजन ज्यादा है. मैंने कोई बॉडी शेमिंग नहीं की है. न ही ये बॉडी शेमिंग है. मैंने कहा था कि वह एक ऐसे कप्तान हैं जिनका ज्यादा प्रभाव नहीं है. मैंने उनकी तुलना अन्य कप्तानों के जरिए की थी.'

## ऋषभ पंत को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड 2025 के लिए नॉमिनेट किया गया



**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत फिलहाल दुबई के दौरे पर हैं. वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा हैं. इस टूर्नामेंट के बीच ऋषभ पंत के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. दरअसल, ऋषभ पंत को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड 2025 के लिए कमबैक ऑफ द ईयर कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है. इस कैटेगरी में कुल 6 खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया है. बता दें, पंत ने पिछले साल कार दुर्घटना के बाद मैदान पर वापसी की थी.

भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ा पल

बता दें, ऋषभ पंत लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड के लिए नॉमिनेट किए जाने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय क्रिकेटर हैं. इससे पहले साल 2020 में सचिन तेंदुलकर को स्पोर्टिंग मोमेंट कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था. वहीं, पंत भारत के सिर्फ चौथे एथलिट हैं जिसे इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है. सचिन-पंत के अलावा नीरज चोपड़ा और विनेश फोगाट भी इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किए जा चुके हैं.

ऋषभ पंत की क्रिकेट में दमदार वापसी

बता दें, दिसंबर 2022 में पंत का रुड़की के पास हाईवे पर कार एक्सीडेंट हो गया था. इस दुर्घटना में पंत के सिर, घुटने, पिंडली और पीठ में गंभीर चोटें आईं थीं. इसके बाद वह लगभग 15 महीने क्रिकेट से दूर रहे थे. इन दौरान पंत ने खुद पर काफी काम किया और आईपीएल के जरिए मार्च 2024 में खेल में वापसी की. इसके बाद वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम का हिस्सा बनने में कामयाब रहे. फिर उन्होंने टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में भी वापसी की. ऐसे में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स के लिए उनका नॉमिनेट होना एक बड़े सम्मान की बात है. बता दें, लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स खेल जगत की उपलब्धियों को सम्मानित करता है. इसे खेलों का ऑस्कर कहा जाता है. इस समारोह की शुरुआत साल 2000 में हुई थी.

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को मिल रहा अनुचित फायदा



**दुबई.** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बीसीसीआई ने अपने खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था. इसलिए भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में शेड्यूल किए गए. लेकिन अब टीम इंडिया को दमदार तरीके से जीतते हुए देखकर पाकिस्तान, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गजों ने आपत्ति जताई है. उनका मानना है कि सिर्फ दुबई में सभी मैच रखे जाने की वजह से दूसरी टीमों के मुकाबले भारत को अनुचित फायदा मिल रहा है. इस टूर्नामेंट में अब ये एक बड़ा मुद्दा बन चुका है. लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले भारतीय कप्तान ने इस विवाद पर चुप्पी तोड़ी है और सवाल उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है.

रोहित शर्मा का मानना है कि सभी मैच दुबई के एक ही मैदान पर खेलने के बावजूद भारतीय टीम को किसी तरह का अनुचित फायदा नहीं मिल रहा है. उनका कहना है कि दुबई का मैदान टीम इंडिया का 'होम वेन्यू' नहीं है. भारतीय कप्तान ने कहा 'हमारे खिलाड़ियों के लिए भी ये नया अनुभव है. हमने यहां 3 मैच खेले और तीनों ही बार पिच ने अलग तरह का बर्ताव किया. हर बार नए चैलेंज का सामना करना पड़ा. ये हमारा घर नहीं है, ये दुबई है. हम यहां ज्यादा मैच नहीं खेलते हैं और हमारे लिए भी ये नया है.'

रोहित ने आगे कहा 'यहां 4-5 सरफेस का इस्तेमाल किया जा रहा है. मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन-सी पिच पर मैच खेला जाएगा. लेकिन जो भी होगा उसके हिसाब से हमें खुद को ढालना होगा. उसी हिसाब से हम खेलने के लिए उतरेंगे. न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने देखा शुरू में गेंद थोड़ी स्विंग हो रही थी. लेकिन पहले दो मैच में जब हमारे गेंदबाज बॉलिंग कर रहे थे, तब ऐसा देखने को नहीं मिला था. पिछले गेम में ज्यादा स्पिन नहीं हो रही थी, लेकिन न्यूजीलैंड के गेम काफी स्पिन देखने को मिला. इसका मतलब है कि हर सरफेस पर कुछ अलग हो रहा है. इसलिए, ऐसा नहीं है कि हम जानते हैं कि पिच पर क्या होने वाला है और क्या नहीं.'रोहित ने सेमीफाइनल को लेकर कहा 'पिच पर गेंदबाजों के लिए कुछ मदद रहती तो इससे मैच रोचक हो जाता है. मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं. आप चाहते हैं.

## केकेआर ने अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाया, वेंकटेश अय्यर होंगे उपकप्तान



**नई दिल्ली.** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2025 से पहले श्रेयस अय्यर को रिलीज करने का फैसला किया था, जो पिछले सीजन तक उनके कप्तान थे और टीम को चैंपियन भी बनाया था. ऐसे में आईपीएल 2025 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने नए कप्तान के नाम का ऐलान कर दिया है. केकेआर ने अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाने का फैसला किया है. वहीं, वेंकटेश अय्यर को उपकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है. बता दें, केकेआर ने अजिंक्य रहाणे को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के दौरान खरीदा था.

**अजिंक्य रहाणे को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

बता दें, अजिंक्य रहाणे दूसरी बार इस टीम का हिस्सा बने हैं. इससे पहले वह 2022 में भी इस केकेआर का हिस्सा थे. वहीं, इस बार मेगा ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने अजिंक्य रहाणे पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे. यानी केकेआर ने उन्हें बेस प्राइज पर ही खरीद लिया था. ऐसे में अजिंक्य रहाणे के लिए ये एक बड़ा मौका रहने वाला है. इस ऐलान के दौरान केकेआर के सीईओ,वेंकी माईसोर ने कहा, 'हमें खुशी है कि हम अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी को कप्तान बना रहे हैं, जो अपनी नेतृत्व क्षमता और अनुभव से टीम को मजबूती प्रदान करेंगे. वहीं, वेंकटेश अय्यर भी केकेआर के लिए एक अहम खिलाड़ी रहे हैं और उनमें नेतृत्व के गुण हैं. हमें विश्वास है कि यह दोनों मिलकर हमारी टीम की दिशा सही तरह से तय करेंगे और हम अपने खिताब की रक्षा करने में सफल होंगे.'सरी ओर अजिंक्य रहाणे ने कहा, केकेआर की कप्तानी मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है, जो आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजियों में से एक है. हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है. मैं सभी खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं और अपने खिताब की रक्षा करने के इस चुनौती को स्वीकार करता हूं.' बता दें, कोलकाता नाइट राइडर्स डिफेंडिंग चैंपियन है, ऐसे में अजिंक्य रहाणे पर खिताब को बचाने का दवाब भी रहने वाला है. केकेआर इस बार अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को करेगी. उसका सामना ईडन गार्डन्स में आरसीबी की टीम से होगा.

**अजिंक्य रहाणे का आईपीएल करियर**

अजिंक्य रहाणे आईपीएल के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं. उन्होंने इस लीग में कुल 185 मैच खेले हैं, इस दौरान उन्होंने 30.14 की औसत से 4642 रन बनाए हैं. आईपीएल में उनके नाम 30 अर्धशतक और 2 शतक भी दर्ज हैं. वहीं, केकेआर के लिए रहाणे ने 7 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उनके नाम 133 रन दर्ज हैं. दूसरी ओर कप्तानी की बात की जाए तो वह आईपीएल में इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी भी कर चुके हैं.

## 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत': सेबेस्टियन

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी। भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है।

सेबेस्टियन को ने कहा, 'मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं

कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई।' उन्होंने कहा,

'पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।' पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है।

## केकेआर ने आईपीएल 2024 के लिए नई जर्सी लॉन्च की





**नई दिल्ली.** कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के लिए अपनी नई जर्सी लॉन्च किया है। सोमवार को जारी इस जर्सी में एक खास बदलाव किया गया है – इसमें "तीन सितारे" जोड़े गए हैं, जो टीम की तीन आईपीएल खिताबी जीत (2012, 2014, 2024) का प्रतीक हैं। केकेआर ने जर्सी लॉन्च के लिए एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमणदीप सिंह, मनीष पांडे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, मयंक मार्कंडे और लवनीथ सिसोदिया नई जर्सी पहने दिख रहे हैं।

टीम के लोगो के ऊपर तीसरे स्टार के अलावा इस बार जर्सी में एक और खासियत जोड़ी गई है। टीम की जर्सी की बाजुओं पर एक सुनहरा आईपीएल बैज भी होगा, जो मौजूदा चैंपियन के सम्मान में 2025 सीजन से जोड़ा गया है। "थ्री-एज्ड स्टार" थीम पर बनी इस नई जर्सी को बिक्री के लिए भी लॉन्च किया गया है। प्रशंसक इसे नाइट क्लब (केकेआर के आधिकारिक ऐप), वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों से खरीद सकते हैं।

केकेआर ने 3 मार्च (03/03) को नई बैंगनी और सुनहरी जर्सी लॉन्च करने का खास दिन चुना। इसी के साथ, टीम ने 'इन द नाइट स्काई' अभियान के तहत अंतरिक्ष में तीन असली सितारों को रजिस्टर करवाया और उनका नाम टीम के नारे 'कोरबो', 'लोड़बो' और 'जीतबो' रखा गया है। यह 2012, 2014 और 2024 में उनकी जीत को समर्पित है।

केकेआर ने अब तक चार बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई है और तीन बार खिताब जीता है। 2021 में वे उपविजेता रहे थे और तब उन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार वापसी में से एक की थी। आईपीएल 2025 में केकेआर अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ईडन गार्डन्स में करेगी, जहां उनकी नजरें चौथे खिताब पर होंगी।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल: आर अश्विन ने की मजेदार भविष्यवाणियां



**दुबई.** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का सेमीफाइनल आज दुबई में खेला जाएगा. इस मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी बताया जा रहा है लेकिन ऑस्ट्रेलिया भी कम नहीं है. इस मुकाबले से पहले आर अश्विन ने अपनी कुछ राय शेयर की हैं, जिसके दम पर टीम इंडिया आसानी से ऑस्ट्रेलिया को हरा सकती है. आर अश्विन ने बात करते हुए सेमीफाइनल के लिए कुछ मजेदार भविष्यवाणियां की हैं, जिनमें से एक ये है कि ग्लेन मैक्सवेल, कुलदीप यादव के हाथों आउट होंगे. साथ ही अश्विन ने बताया कि टीम इंडिया लगातार दूसरी बार आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली है.

क्या बोले अश्विन

अश्विन ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत लगातार दूसरा आईसीसी खिताब जीतने वाला है. मैं आपको ये बता दूं, ग्लेन मैक्सवेल वरुण चक्रवर्ती को नहीं समझ पाएंगे और अंत में वो कुलदीप यादव के हाथों आउट होंगे.' अश्विन ने कहा कि कुलदीप यादव की गेंदें मैक्सवेल के पलले नहीं पड़ती हैं.

हेड हैं बड़ा खतरा

ट्रेविस हेड को अश्विन ने बड़ा खतरा बता दिया. अश्विन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ मैच में बराबरी का मुकाबला करने के लिए ट्रेविस हेड को पहले 10 ओवरों में जोरदार पारी खेलनी होगी. अश्विन ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के लिए सेमीफाइनल में मैच बनाने का एकलौता तरीका ये है कि ट्रैविस हेड पहले 10 ओवरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करें. हेड और वरुण की लड़ाई वो है जिसका मैं इंतजार कर रहा हूं.' हेड के खतरे को कम करने के लिए, अश्विन चाहते हैं कि भारत की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को नई गेंद दे. अश्विन ने कहा, 'जैसे ही हेड स्ट्राइक पर आएंगे, मैं वरुण को नई गेंद दूंगा. हेड को पेस का विकल्प भी न दें, बल्कि तुरंत वरुण को गेंद दें. मैं हेड को पहले 10 ओवरों में स्पिन के साथ संघर्ष करने की चुनौती दूंगा. यही मेरी रणनीति होगी.'

14 साल पहले जीता था भारत

भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट के नॉक आउट में ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन जोरदार है. ऑस्ट्रेलिया को 14 साल पहले भारत ने

आईसीसी टूर्नामेंट के नॉक आउट में हराया था. ये जीत साल 2011 में मिली थी. हालांकि, 2024 T20 विश्व कप में, भारत ने सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को आसानी से हराया था, जिससे ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया था.भारत-ऑस्ट्रेलिया दोनों रंग में

भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही टीमें चैंपियंस ट्रॉफी में रंग में नजर आ रही हैं. भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अबतक एक भी मैच नहीं गंवाया है. भारतीय टीम ने बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराया है. वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड और अफगानिस्तान को मात दी है और उसका एक मैच बारिश के चलते रद्द हुआ.

वैसे टीम इंडिया सेमीफाइनल मैच में फायदे में रहने वाली है क्योंकि उसने अपने सभी मुकाबले दुबई में खेले हैं और उसे यहां की परिस्थिति का आभास है. दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की टीम 2019 के बाद दुबई में वनडे मैच खेलेगी जो कि उसके लिए चुनौती साबित होगी. हालांकि दुबई में ऑस्ट्रेलिया ने 5 में से 4 वनडे जीते हैं.

## अम्बिकापुर में आल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**नई दिल्ली.** मां महामाया की नगरी अम्बिकापुर में आल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो चुका है. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. हर साल अम्बिकापुर में इस प्रतियोगिता का आयोजन होता है, जिसमें देश के चुनिंदा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं. इस बार सरगुजा जिले के खिलाड़ियों के साथ-साथ सबकी नजर टेनिस बॉल के मशहूर खिलाड़ी करन अम्बाला, एके 47 अंकुर और दिलीप बिजवा पर रहेगी.

इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया है. छत्तीसगढ़ के अलावा इंदौर, मुंबई, बिहार, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश जैसी जगहों से टीमें आई हैं. इंदौर टीम के कप्तान दिलीप बिजवा और मुंबई टीम के कप्तान करन अम्बाला हैं. प्रतियोगिता का पहला राउंड चल रहा है और अब तक 17 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें सरगुजा जिले की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है. अब रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे जब मुंबई, इंदौर, उत्तर प्रदेश और बिहार की टीमें आमने-सामने होंगी.

**यह मिलेगा इनाम:** इस प्रतियोगिता को मां महामाया कप के नाम से जाना जाता है और इस बार इसका छठा संस्करण हो रहा है. विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 3 लाख 66 हजार 666 रुपए की राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता टीम को 1 लाख 66 हजार 666 रुपए और कप दिया जाएगा. मैन ऑफ द मैच और सीरीज के लिए बाइक और अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे.

# अचानक खत्म हो गया रास्ता, 30 फीट गहरे नाले में गिरने से मौत

## > गूगल मैप के चलते ग्रेटर नोएडा में एक स्टेशन मास्टर की मौत हो गई

**ग्रेटर नोएडा.**

एक बार फिर गूगल मैप की वजह से बड़ा हादसा हो गया है। ग्रेटर नोएडा में गूगल मैप के सहारे जा रहे स्टेशन मास्टर की कार 30 फीट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में स्टेशन मास्टर की मौत हो गई। शादी समारोह में जाते समय स्टेशन मास्टर हादसे का शिकार हो गए।

दरसअल, पूरा मामला बीटा टू थाना क्षेत्र के पी 3 सेक्टर के पास का है, जहां पर दिल्ली के मंडावली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत भाटी एक शादी समारोह में जा रहे थे। उन्होंने गूगल मैप लगा रखा था। जब वह केंद्रीय विहार-2 सोसायटी के सामने से तेज रफ्तार से अपनी कार लेकर निकले, तो थोड़ा आगे चलकर रास्ता खत्म हो गया और नाला आ गया। इसी दौरान अचानक से उनकी कार





उस गहरे नाले में जा गिरी। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

**आई कार्ड से हुई पहचान :** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने अपने सिपाहियों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत करते हुए स्टेशन मास्टर को बाहर निकला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने स्टेशन मास्टर के पास मिले आई कार्ड से पहचान की और हादसे की जानकारी उनके परिजनों को दी।

**पुलिस ने लगाई बैरिकेडिंग:** दरसअल यह जगह ऐसी है कि यहां पर आए दिन हादसे होते हैं।

रास्ता अचानक से आगे बंद हो जाता है और सीधा नाले में खुलता है, जिसकी वजह से वाहन चालक को पता नहीं चलता और वाहन सीधे नाले में गिर जाते हैं। प्राधिकरण की तरफ से यहां पर कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है।


हालांकि पुलिस की तरफ से अब यहां पर बैरिकेडिंग लगाई गई है ताकि आगे किसी भी तरह का कोई हादसा न हो।

# आईआईटी बाबा अभय सिंह ने दी सुसाइड की धमकी!

**जयपुर.**

राजधानी जयपुर में सोशल मीडिया पर चर्चित आईआईटी बाबा अभय सिंह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, शिप्रापथ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बाबा रिद्धि-सिद्धि स्थित एक होटल में ठहरे हुए हैं और वहां हंगामा कर रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां तलाशी के दौरान अभय सिंह के पास से गांजा बरामद हुआ। हालांकि, बरामद मादक पदार्थ की मात्रा बेहद कम थी, जिसके चलते इसे बेलेवल ऑफिस माना गया। पुलिस ने बाबा को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया और थाने लौट आई।

पुलिस कार्रवाई के बाद अभय सिंह ने सोशल मीडिया पर लाइव



आकर सुसाइड करने की धमकी दी। इस घटनाक्रम के बाद उनके समर्थकों में हलचल मच गई है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जब पुलिस ने अभय सिंह से पूछा तो उन्होंने कहा कि वह गांजे के नशे में थे, साथ ही ये भी कहा कि मैंने नशे में क्या कहा, क्या बोला मुझे खुद नहीं पता।


अभय सिंह ने पुलिस को अपने पास मौजूद गांजा भी दिखाया जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल पार्क क्लासिक में ठहरे हुए अभय सिंह सुसाइड करने का प्रयास कर रहे हैं जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। आईआईटी बाबा ने अपने पास से एक गांजे की पुड़िया निकाली और पुलिस को दिखाया और कहा, 'मैं तो गांजे के नशे में था। मैंने क्या कहा, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।'

पुलिस के मुताबिक उनके पास से मिले गांजे का वजन 1.50 ग्राम था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। चूंकि गांजा अल्पमात्रा में था इसलिए उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। फिलहाल इसका केस भी दर्ज कर लिया गया है।

# जब शादी नहीं की तो गुजारा भत्ता क्यों दूं? मंत्री धनंजय मुंडे

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे और करूणा मुंडे के रिश्ते की बात कोर्ट तक पहुंच गई है और कोर्ट ने धनंजय मुंडे को आदेश दिया है कि वो करूणा मुंडे को गुजारा भत्ता दें। कोर्ट के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ धनंजय मुंडे ने सत्र अदालत में याचिका दायर की है जिसके तहत उन्हें उनकी पहली पत्नी होने का दावा करने वाली महिला को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया है।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने अपनी याचिका में दोहराया कि उनकी करुणा मुंडे से कभी शादी नहीं हुई तो गुजारा भत्ता कैसा। बता दें कि करुणा उनकी पहली पत्नी होने का दावा करती हैं।

याचिका में कहा गया है कि वह मुख्य रूप से इस आधार पर मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश दिए जाने से व्यथित हैं कि याचिकाकर्ता (धनंजय मुंडे) और प्रतिवादी संख्या एक (महिला) का एक दूसरे से विवाह हुआ था और इस प्रकार उनके बीच घरेलू संबंध हैं। अधिवक्ता सयाली सावंत के माध्यम से दायर याचिका में उल्लेख किया गया है कि मजिस्ट्रेट ने ''अपने विवेक का उपयोग नहीं किया और अंतरिम भरण-पोषण देने का, मनमाना आदेश पारित कर दिया।''

मंत्री ने दावा किया कि एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान उनका परिचय महिला से हुआ था और ''उनकी लगातार बातचीत से उनके बीच एक व्यक्तिगत संबंध बन गया, जिसे उन्होंने आपसी सहमति से आगे बढ़ाने का फैसला किया।

याचिका में कहा गया है कि इस रिश्ते से उनके दो बच्चे पैदा हुए और धनंजय मुंडे ने बच्चों के केवल आधिकारिक दस्तावेज में इस्तेमाल करने के लिए अपने नाम और उपनाम का इस्तेमाल करने की अनुमति दी। याचिका में कहा गया है कि इसके साथ ही प्रतिवादी को नेता की मौजूदा शादी के बारे में पूरी जानकारी थी ''लेकिन उन्होंने उनके साथ स्वेच्छा से संबंध बनाने का फैसला किया।'' इसमें कहा गया है कि लेकिन मुंडे के 2019 के विधानसभा चुनाव जीतने, राज्य मंत्रिमंडल में शामिल होने और मुंबई में अपने आधिकारिक आवास पर अपनी पत्नी राजश्री मुंडे के साथ रहने के बाद महिला के व्यवहार में ''काफी बदलाव'' आया।

याचिका में कहा गया कि महिला और उनके परिवार ने ''अलग-अलग बहाने बनाकर बड़ी रकम की बार-बार और अनुचित मांग करनी'' शुरू कर दी। इसमें कहा गया है कि इसके बाद, महिला ने ''करुणा धनंजय मुंडे'' नाम से सोशल मीडिया पर कई 'अकाउंट' बनाए और खुद को याचिकाकर्ता की पत्नी के रूप में गलत तरीके से पेश किया। याचिका में कहा गया है, ''लेकिन याचिकाकर्ता का प्रतिवादी संख्या एक से किसी भी तरह या रूप में विवाह नहीं हुआ और उनका राजश्री मुंडे से कानूनी रूप से विवाह हुआ है। वह करुणा मुंडे के साथ कभी एक घर में नहीं रहे।''

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान करुणा मुंडे ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। उन्होंने याचिका की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शेख अकबर शेख जफर के समक्ष कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख तक अंतरिम भरण-पोषण आदेश के क्रियान्वयन के लिए आवेदन नहीं करेंगी।

इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी और उन्हें अगली तारीख से पहले जवाब की एक प्रति पेश करने का निर्देश दिया।

बांद्रा मजिस्ट्रेट की अदालत ने चार फरवरी को करुणा की अंतरिम याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया था और धनंजय मुंडे को अंतरिम गुजारा भत्ते के रूप में करुणा को 1.25 लाख रुपये प्रति माह और उनकी बेटी को 75,000 रुपये प्रति माह देने का निर्देश दिया था।

करुणा ने 2020 में धनंजय मुंडे के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था और अदालत ने अभी तक मुख्य याचिका के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है। मजिस्ट्रेट ने अंतरिम आदेश में कहा था कि धनंजय मुंडे ने अपनी पहली पत्नी के साथ ''प्रथम दृष्टया'' घरेलू हिंसा की।

# कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल मर्डर केस; गिरफ्तार हुआ बॉयफ्रेंड

**रोहतक.**

हरियाणा के हिमानी नरवाल मर्डर केस में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस केस में पहली गिरफ्तारी की है। हरियाणा पुलिस ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि हिमानी नरवाल का शव 1 मार्च को रोहतक में एक हाईवे के पास एक सूटकेस के अंदर मिला था।

आरोपी की गिरफ्तारी दिल्ली से हुई है और उसकी पहचान सचिन के रूप में हुई है जो बहादुरगढ़ का रहने वाला है। अभी तक की जानकारी के अनुसार, आरोपी हिमानी के साथ रिलेशनशिप में था और उसे वह ब्लैकमेल कर रही थी और उससे



लाखों रुपए ऐंठ चुकी थी।

**परिवार ने शव नहीं लिया :** हिमानी के शव के पोस्टमार्टम के बाद अभी तक परिवार ने शव नहीं लिया है। बता दें कि उसकी हत्या की जांच अब एसआईटी करेगी।

पोस्टमार्टम में चुन्नी से गला घोंटकर हत्या की बात सामने आई है।

## पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मचा घमासान

**पेशावर.** पाकिस्तानी और अफगानी बलों के बीच एक अहम सीमा क्रॉसिंग स्थल पर सोमवार तड़के गोलीबारी हुई। यह स्थल दोनों पड़ोसी देशों के बीच विवाद के कारण एक हफ्ते से अधिक समय से बंद है। गोलीबारी में तोरखम क्रॉसिंग के दोनों ओर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दोनों देशों के अधिकारियों ने बॉर्डर खोलने और शांति बहाल करने के लिए रविवार को बैठक की थी लेकिन मामले का कोई हल नहीं निकला।

**पाकिस्तान को इस बात की है आपत्ति:** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की ओर से वहां एक नई सीमा चौकी के निर्माण पर आपत्ति जताई है, जिसके कारण यह क्रॉसिंग 11 दिन से बंद है। दोनों देशों ने पहले भी गोलीबारी के कारण तोरखम और दक्षिण-पश्चिमी चमन सीमा क्रॉसिंग को बंद किया था।

# दिल्ली के बजट के लिए आम लोगों की ली जाएगी राय - सीएम

**नई दिल्ली.**

राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनन के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं। दिल्ली के बजट को लेकर सीएम रेखा गुप्ता ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि दिल्ली का बजट 24 मार्च से 26 मार्च के बीच पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के सुझावों से शामिल करके विकसित दिल्ली का बजट पेश करेंगे। दिल्ली के बजट में महिला सम्मान योजना के साथ हमारे सभी वादों को स्थान दिया गया है। सीएम ने 5 मार्च को सभी महिला संगठनों के संवाद के लिए विधानसभा में बुलाया है। जिससे बजट वह भी बजट पर अपना सुझाव दे सकें।

**इस व्हाट्सएप पर दे सकते हैं सुझाव :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने



प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सभी क्षेत्र के लोगों के साथ बजट संवाद करेंगे और उनसे सुझाव लेंगे।

उसी आधार पर विकसित दिल्ली का बजट तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में जितने भी वादे किए हैं उन सभी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बजट पर लोगों से सुझाव जानने के लिए व्हाट्सएप नंबर 9999962025 जारी किया है। इसके अलावा एक ईमेल आईडी भी जारी किया गया है, जिस पर दिल्ली का कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव दे सकता है।

**जनता से सुझाव लेंगे विधायक और मंत्री :** सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में हमारे मंत्रिमंडल के सभी मंत्री और विधायक जनता के बीच जाएंगे और उनके सुझाव लेंगे। पहले विकास के काम नहीं होते थे, केवल बहाने मिलते थे, इस बार दिल्ली के विकास के कार्यों को होता हुआ देखेगी। दिल्ली का एक नया अध्याय लिखा जाना है और हम दिल्ली की जनता के हितों को सुरक्षित करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हम अपने संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। जितने भी हमने वादे किए हैं, एक-एक वादों की पूर्ति की जाएगी। समय कम है और काम बहुत है।

# दिल्ली विधानसभा में आप विधायकों का जबरदस्त हंगामा

## > स्पीकर ने खड़े होकर शांत कराया

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा में सोमवार को एक बार फिर से हंगामा देखने को मिला है। सदन में चर्चा के वक्त आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जबरदस्त हंगामा किया। विधानसभा के अंदर आज आम आदमी पार्टी के सभी 22 विधायक मौजूद हैं। जिन 21 विधायकों को सस्पेंड किया गया था, उनका निलंबर आज खत्म हो गया है। सदन में आज विधानसभा में कैग रिपोर्ट पर चर्चा होनी है लेकिन उससे पहले विधानसभा में ज़बरदस्त हंगामा शुरू हो गया है।

**आप विधायकों ने की टोका-टोकी :** दिल्ली विधानसभा में नियम 280 के तहत चर्चा हो रही थी। रिठाला से बीजेपी विधायक कुलवंत राणा अपनी बात रख रहे थे। उसी दौरान आप के विधायकों द्वारा बीजेपी विधायक कुलवंत राणा के



साथ टोका टाकी की गयी। जिससे वे नाराज हो गए। आप विधायक संजीव झा और बीजेपी विधायक कुलवंत राणा के बीच बहस भी हुई। स्पीकर को अपने स्थान पर खड़े होकर मामले को शांत करना पड़ा।

**सीएजी रिपोर्ट में अनियमितताओं का खुलासा- सिरसा :** दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा- "सीएजी रिपोर्ट ने आप सरकार की सभी अनियमितताओं का खुलासा किया है। उनका स्वास्थ्य मॉडल भी केवल पैसा इकट्ठा करने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए था। इस स्वास्थ्य मॉडल के कारण, कई लोगों ने कोवीड में अपनी जान गंवाई।"

**आप सरकार के घोटाले सामने आ रहे- आशीष सूद :** दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा- ''सीएजी रिपोर्ट के हर पन्ने के साथ आप सरकार के घोटाले सामने आ रहे हैं। जब दिल्ली के लोगों को ऑक्सीजन की जरूरत थी, जब उन्हें मोहल्ला क्लीनिक की जरूरत थी, तब दिल्ली सरकार अपना शीश महल बनाने में व्यस्त थी।

हाई कोर्ट और सीएजी ने उनके 'मोहल्ला क्लीनिक' और तथाकथित स्वास्थ्य मॉडल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आज सभी विधायक इस पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

**स्पीकर ने तानाशाह की तरह व्यवहार किया- गोपाल राय :** सत्र की शुरुआत से पहले आप विधायक गोपाल राय ने कहा- "विधानसभा के पहले ही सत्र में स्पीकर ने तानाशाह की तरह व्यवहार किया और यह निंदनीय है। आज आखिरी दिन है। हमारे सभी विधायक विधानसभा जा रहे हैं और हम चर्चा में भाग लेंगे और अपना पक्ष रखेंगे। हमें उम्मीद है कि वे इस बजट के माध्यम से अपने वादे पूरे करेंगे।

# थाने से चोरी करवा दी जीप, हो गए गिरफ्तार

## > बड़का चोर निकले दरोगाजी

**बेगूसराय.**

बिहार के बेगूसराय जिले में चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक थाने से एक्सीडेंट के बाद जब्त किए गए कमांडर जीप को दरोगा जी ने बदल दिया। उसके स्थान पर दूसरी पुरानी जीप लाकर खड़ी कर दी गई। इस मामले में एक पुलिस अवर निरीक्षक, थाना के प्राइवेट ड्राइवर एवं दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**जीप से कुचलने से एक की हो गई थी मौत :** जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी की सुबह में मटिहानी-बेगूसराय सड़क पर बदलपुरा के पास कमांडर जीप ने दो छात्रों को कुचल दिया था। इस हादसे में एक छात्रा बबलू ठाकुर की बेटी सिम्मी कुमारी की मौत हो गई थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने धक्का मारने वाले कमांडर जीप को पकड़ लिया। मौके पर से लोगों ने ड्राइवर को भी पकड़ लिया था।



**घटना के बाद थाने लाई गई जीप :** जांच पड़ताल में ड्राइवर के नाबालिग पाए जाने के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जबकि जीप को थाना परिसर में लगाया गया था। जीप पर दुर्घटनाग्रस्त दोनों साइकिल भी लदी हुई थी। मटिहानी थाना में कार्यरत माला खाना प्रभारी सह पुअनि सुजीत कुमार का ट्रांसफर बेगूसराय हो गया।

**कबाड़ी से लाकर दूसरी गाड़ी खड़ी कर दी गई :** इसके बाद 27 फरवरी की रात में पुलिस पदाधिकारी सुजीत कुमार, मटिहानी के रहने वाले कारी सिंह एवं भानु सिंह तथा मटिहानी थाना के प्राइवेट ड्राइवर मोहम्मद जाकिर कैंपस में पहुंचा। वहां लगी अच्छी जीप को हटा दिया और उसके स्थान पर कबाड़ी से लाकर एक कमांडर जीप लगा दी गई तथा उसमें भी गाड़ी के नंबर का बोर्ड भी लगा दिया गया।

**सीसीटीवी फुटेज से भी खुली पोल :** 1 मार्च को लोगों ने जब बदली हुई जीप देखी तो मामला सामने गया। इस मामले में सदर-टू डीएसपी भास्कर रंजन ने बताया कि थाना कांड संख्या-26/25 में कमांडर जप्त कर सीसीटीवी के सामने थाना परिसर में रखा गया था। इसी थाने में पहले कार्यरत एसआई सुजीत कुमार (वर्तमान में नगर थाना में कार्यरत) प्रभार देने के लिए 15 फरवरी को आए हुए थे।

**धक्का देकर जीप को थाने से ले जाया गया :** मालखाना के प्रभारी वही थे, इसलिए प्रभार देने के लिए ही कैंप कर रहे थे। कुछ दिन पहले पता चला कि जब्त किया गया कमांडर जीप बदल दिया गया है, उसके जगह पर दूसरी गाड़ी लगाई गई है।

संदेह होने पर सीसीटीवी फुटेज की जांच किया गया तो स्पष्ट हुआ कि सुजीत कुमार तीन सहयोगी के साथ 15 फरवरी की रात करीब 11:45 बजे आया और थाना से धक्का देकर जीप बाहर लेकर चला गया और उसके जगह पर दूसरा कमांडर जीप लगा दिया।

# शेख हसीना के खिलाफ मुहम्मद यूनुस ने चली नई चाल

**ढाका.**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रशासन के दौरान किए गए कथित अत्याचारों के दस्तावेजों को संरक्षित करने का आह्वान किया है। 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान यूनुस ने इस बात पर जोर दिया कि उचित आर्काइव मैनेजमेंट सिस्टम के बिना 'सच्चाई जानना और न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल है।'

**अत्याचारों के शिकार हुए लोग? :** मुख्य सलाहकार की 'प्रेस शाखा' द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र की 'रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर' ग्वेन लुईस और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञ हुमा खान के साथ बातचीत के दौरान मुख्य सलाहकार ने शापला चत्तर में प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई, डेलवर हुसैन सईदी के फैसले के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता और वर्षों की कथित हत्याओं का हवाला दिया। इसके जवाब में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मानवाधिकारों के हनन के दस्तावेजीकरण में बांग्लादेश की सहायता करने की अपनी इच्छा की पुष्टि की। तकनीकी सहायता और



क्षमता निर्माण में संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञता की पेशकश करते हुए लुईस ने कहा, ''यह (अत्याचारों के शिकार लोगों को) मरहम लगाने और सत्य-निर्माण की एक प्रक्रिया है।

यूनुस ने जुलाई-अगस्त 2024 के विद्रोह के बाद मानवाधिकार उल्लंघन पर संगठन की हालिया रिपोर्ट की भी सराहना की, जिसके कारण अवामी लीग के 15 साल के शासन का खत्मा हो गया और हसीना पलायन कर भारत चली गईं। लुईस के अनुसार, मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क पांच मार्च को जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के सत्र में दस्तावेज पेश करेंगे। यूनुस ने कहा, ''हमें बहुत खुशी है कि संयुक्त राष्ट्र ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की है, यह समय पर हुआ।''

चर्चा में रोहिंग्या शरणार्थियों की दुर्दशा पर भी चर्चा हुई, जिसमें लुईस ने घटती अंतरराष्ट्रीय सहायता पर चिंता व्यक्त की।

## यूएन महासचिव करेंगे बांग्लादेश का दौरा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस 13 से 16 मार्च तक बांग्लादेश का दौरा करेंगे। लुईस ने उम्मीद जताई कि गुतारेस की यह यात्रा शरणार्थी संकट पर विश्व का ध्यान आकर्षित करेगी। लुईस ने कहा, ''हम धन की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित हैं।'' उन्होंने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों को खाद्य आपूर्ति और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रति माह 150 लाख अमरीकी डॉलर की आवश्यकता है।